* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 जुलाई, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 253

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी चिंता का विषय

## ■ साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ और जामताड़ा में घुसपैठियों की भरमार

## ■ झारखंड के लिए यह राजनीतिक नहीं, सामाजिक चिंता का विषय है

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की हृदय स्थली, यानी संथाल परगना के इलाके में पिछले कुछ दिनों से काफी कुछ ऐसा चल रहा है, जिससे चिंताएं बढ़ जाती हैं। यह इलाका उन हिस्सों से सीधे जुड़ा है, जहां अक्सर सीमा-पार से होने वाली गतिविधियों की खबरें आती हैं। ऊपर से सब सामान्य, लेकिन सतह के नीचे जैसे काफी कुछ खदबदाता हुआ। खतरे की आहट-सा। इसने झारखंड के संताल परगना में आदिवासियों के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए चुनौती पेश कर दी है। यहां लगातार आदिवासियों की आबादी का प्रतिशत घटने लगा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दो दिन पहले जब संताल परगना की डेमोग्राफी के बदलने और आदिवासियों की आबादी घटने का मुद्दा उठाया और राज्य सरकार से इसके कारणों की एसआइटी जांच की मांग उठायी, तो एकबारगी ऐसा लगा कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है, लेकिन आंकड़ों के गहन अध्ययन और परिस्थितियों के आकलन से साफ हो जाता है कि संताल परगना में घुसपैठ की समस्या राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक चिंता का विषय है। आज हकीकत यह है कि संताल परगना के सभी जिलों में बांग्लादेशी मुसलमान न केवल आ रहे हैं, बल्कि घर बार तक बसा रहे हैं। यहां बड़ा सवाल यह है कि क्या यह कथित घुसपैठ महज रोटी-कपड़ा-मकान जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए हो रही है या एक पूरा तंत्र स्थापित हो चुका है, जो इलाके की डेमोग्राफी बदल कर एक बड़े खतरे की वजह बन सकता है। अचानक यह आज का मुद्दा नहीं है। झारखंड गठन के बाद से लगातार घुसपैठ जारी है। हाल के वर्षों में कई बार इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया, हाइकोर्ट तक में मामला गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्या है बदलती डेमोग्राफी का कारण और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड के संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती तादाद राजनीतिक रूप से गैर भाजपा राजनीतिक दलों के लिए चिंता की बात भले ही न हो, लेकिन इसके खतरनाक दुष्परिणाम भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं। घुसपैठिये भोलीभाली आदिवासी लड़कियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनसे शादी रचाते रहे हैं। नतीजतन आदिवासी बहुल संताल की डेमोग्राफी में अब आदिवासी अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं, जबकि घुसपैठियों की आबादी बेतहाशा बढ़ रही है। दो दिन पहले 30 जून को संताल हूल दिवस के मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 1951 की पहली जनगणना से लेकर 2011 की जनगणना के आंकड़ों का हवाला देकर यह बात दोहरायी कि संताल परगना में आदिवासियों की आवादी लगातार कम हो रही है, जबकि मुसलमानों की आबादी बढ़ती जा रही है। इससे पहले जनहित याचिका के जरिये इस मुद्दे को हाइकोर्ट के संज्ञान में भी लाया जा चुका है। हाइकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि घुसपैठ की जानकारी होने के बावजूद उन्होंने इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाये हैं।

### क्या कहा बाबूलाल मरांडी ने

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि संताल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की जनसंख्या का निरंतर घटना और मुसलमानों की जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि खतरे की घंटी है। 2001 की जनगणना के दौरान संताल परगना के पाकुड़ जिले में आदिवासियों की आबादी 46 फीसदी थी, जो 2011 की जनगणना के अनुसार चार फीसदी घट कर महज 42 फीसदी रह गयी। वहीं मुसलमानों की आबादी 33 फीसदी थी, जो 2011 की जनगणना के अनुसार तीन फीसदी बढ़ कर 36 फीसदी हो गयी। पाकुड़ और साहिबगंज जिले की डेमोग्राफी में आये अस्वाभाविक बदलाव के कारणों की समीक्षा करना अत्यावश्यक है। इसलिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर इस गंभीर मामले की विवेचना की जाये और आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाये जायें।



### भाजपा विधायक ने भी की शिकायत

बाबूलाल मरांडी की तरह राजमहल के विधायक अनंत ओझा ने भी इलाके में लगातार बढ़ रही मुस्लिम आबादी की शिकायत चुनाव आयोग से की है। उनके अनुसार राजमहल प्रखंड के बूथ पर 117 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। 2019 में इस बूथ पर मतदाताओं की संख्या 689 थी, जो 2024 में बढ़ कर 14 सौ के पार पहुंच गयी है। जिन बूथों पर बढ़ोतरी हुई है, उनमें से अधिकांश गंगा के पार दियारा क्षेत्र में स्थित हैं और इनकी सीमा पश्चिम बंगाल से सटी हुई है। विधायक ने बताया कि 2014 से 2019 के बीच जिन इलाकों में नौ हजार वोट बढ़ा था, वहां 2019 से 2024 के बीच 24 हजार वोट बढ़ गये, जो कि आशंकित करता है। राजमहल विधानसभा में जहां पश्चिम बंगाल के सीमाई इलाकों में वोट बेतहाशा बढ़े हैं, वहीं हिंदू बहुल बूथ पर ये वोट कम हो गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कई ऐसे हिंदू वोटर थे, जिनके पास वैध मतदाता पहचान पत्र होने के बाद भी उन्हें वोट नहीं डालने दिया गया, क्योंकि उनका नाम लिस्ट से गायब था।

### संताल के दो जिलों में तिहाई से भी अधिक मुस्लिम

संताल परगना के कुछ जिले बांग्लादेश सीमा से महज 40-50 किलोमीटर की दूरी पर हैं। इसलिए बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए झारखंड में प्रवेश करना आसान रहता है। वे आते हैं, शादी-ब्याह करते हैं और फिर यहीं अपना कुनबा फैलाते हैं। अब तो हालत यह हो गयी है कि संताल परगना के साहिबगंज और पाकुड़ जिलों में आदिवासी आबादी उतनी नहीं बढ़ रही, जितनी तेजी से मुस्लिम आबादी बढ़ते-बढ़ते अब तिहाई से भी अधिक हो गयी है। जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार 2001 की जनगणना में साहिबगंज की कुल आबादी नौ लाख 27 हजार थी। इसमें मुसलमानों की आबादी दो लाख 70 हजार थी। 2011 की जनगणना यानी 10 साल बाद साहिबगंज की कुल आबादी 11 लाख 50 हजार में मुस्लिम आबादी तीन लाख आठ हजार हो गयी, जो तिहाई से मामूली कम है। इससे बुरा हाल पाकुड़ का है। 2011 में पाकुड़ जिले की कुल आबादी नौ लाख थी, जिसमें तीन लाख 23 हजार मुसलमान थे। 10 साल पहले यानी 2001 में पाकुड़ में मुस्लिम आबादी दो लाख 32 हजार थी।

### मिनी एनआरसी का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था

संताल परगना के चार जिलों में घुसपैठियों की संख्या पर रोक का कोई प्रयास झारखंड के स्तर पर कभी नहीं हुआ। अलबत्ता पूर्ववर्ती सरकार ने 2018 में घुसपैठियों की बढ़ती संख्या को लेकर एनआरसी लागू करने का प्रस्ताव जरूर केंद्र को भेजा था, लेकिन व्यापक विरोध के कारण यह ठंडे बस्ते में चला गया। 2019 में राज्य में सत्ता परिवर्तन हो गया। इसके बाद कभी घुसपैठ को समस्या की नजर से नहीं देखा गया, हालांकि इस बीच दो ऐसी घटनाएं हुईं, जिससे आदिवासी समाज में उबाल था। दो लड़कियों को प्रेम जाल में फंसा कर मुस्लिम घुसपैठियों ने शादी की। बाद में उनकी जघन्य तरीके से हत्या कर दी गयी। संताल परगना के छह जिलों में चार- साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ और जामताड़ा में घुसपैठियों की भरमार है। ये आदिवासी युवतियों से शादी रचा कर अपना कुनबा तो बढ़ाते ही हैं, स्थानीय होने के कागजात भी हासिल कर लेते हैं।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक बांग्लादेशी घुसपैठिये

बांग्लादेशी घुसपैठिये और रोहिंगिया मुसलमान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन गये हैं। जब भी देश में कोई आतंकी घटना होती है, तो उसके तार बिहार और झारखंड से जुड़ जाते हैं। एनआइए के छापे अक्सर इन दो राज्यों में पड़ते हैं और कोई न कोई गिरफ्तार होता है। एक रणनीति के तहत ये उन दलों का साथ देने लगते हैं, जिनकी सरकार यहां होती है। घुसपैठ की इस समस्या से उन इलाकों की हिंदू आबादी भी परेशान है। झारखंड में तो हालत यह है कि जहां मुस्लिम आबादी अधिक है, वहां सरकारी स्कूलों के नाम भी उर्दू में जबरन लिखवा दिये गये हैं। इतना ही नहीं, रविवार की जगह शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश स्कूलों में रहता है। इस पर बहुत हंगामा भी हुआ, लेकिन अभी भी कुछ जगहों पर ऐसा हो रहा है।

इसलिए अब घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी झारखंड के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस पूरे मामले की तत्काल जांच हो और इस पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जायें, तभी झारखंड के आदिवासियों का अस्तित्व सुरक्षित रह सकेगा।

# झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत : हिमंता बिस्वा सरमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार के द्वारा स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत है। अंततः सरकार को युवाओं की मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर कहा कि नियुक्तियां फ्री और फेयर की जायें। साथ ही मामले की जांच सीबीआइ करे।



**स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा की जांच सीबीआइ से करवानी ही होगी: अमर बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक्स पर कहा कि सिर्फ स्थगन नहीं, सीबीआइ जांच और कड़ी कार्रवाई जरूरी है। युवाओं के भविष्य से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को खेलने नहीं दिया जायेगा। राज्य के लाखों युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। बात सिर्फ पीजीटी परीक्षा तक सीमित नहीं है। राज्य में बड़ी साजिश के तहत नियुक्ति घोटाले को झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के संरक्षण में अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआइ को सौंपे और सेटिंग करने और करवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

बाउरी ने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होना झारखंड के लाखों छात्रों की जीत है। इस मामले की जांच राज्य सरकार को सीबीआइ से करवानी ही होगी। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और किसी भी तरह की नियुक्ति में घोटाला भारतीय जनता पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआइ से नहीं करवायी तो आने वाले समय में राज्य के छात्रों के साथ भारतीय जनता पार्टी सड़क से सदन तक की लड़ाई चरणबद्ध तरीके से लड़ेगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम 3 जुलाई को निर्धारित किया था। इसमें 1500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना था, लेकिन इस परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर एक तरफ छात्र धरना पर बैठे हैं ,तो दूसरी तरफ भाजपा ने इस मामले की जांच सीबीआइ से करवाने की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।

## गिरिडीह में प्रेसवार्ता कर राहुल गांधी पर साधा निशाना

# हिंदू कभी हिंसक नहीं हो सकता है : बाबूलाल मरांडी

राहुल गांधी को सड़क और सदन में अंतर की समझ ही नहीं

ये उनकी नादानी नहीं, बल्कि एक सोची समझी साजिश है

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। वह गिरिडीह स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुओं के संबंध में असंवैधानिक और घोर निंदनीय बयान दिया है। कहा कि राहुल गांधी को सड़क और सदन में अंतर की समझ ही नहीं है। वह 2004 से सदन के सदस्य हैं, इसलिए ये उनकी नादानी नहीं, बल्कि एक सोची समझी साजिश है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से असंसदीय आचरण की अपेक्षा जनता नहीं करती है। बहुत कुछ देख सुन कर भी सीखा जाता है, लेकिन कांग्रेस पार्टी अपनी आदत से लाचार है। लोकतंत्र की हत्या की साजिश करना, संसदीय मर्यादाओं को चोट करना इनके चाल चरित्र का हिस्सा है। राहुल गांधी ने पहले भी अपनी ही सरकार के कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ कर अपनी बुद्धि का परिचय दे दिया है। कांग्रेस के पी चिदंबरम, सुशील कुमार शिंदे जैसे नेता भी हिंदू को आतंकवादी बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू कभी हिंसक नहीं हो सकता है। हिंदू तो धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो की बात करता है। हर धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में यह नारा गूंजता है। यह हमारा सांस्कृतिक मूल मंत्र है। कहा कि ऐसे हिंदू को हिंसक, झूठा कहना देश और दुनिया के करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। इसलिए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए भारत एक भूभाग है। इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत पर कभी गर्व नहीं हुआ, परंतु आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर महिमा मंडित कर रहे। जी 20 सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री ने दुनिया के देशों को भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि सारे प्रपंच और दुष्प्रचार के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार को कांग्रेस पार्टी पचा नहीं पा रही।

# पूरे राज्य में सड़क का घनत्व बढ़ाने पर कार्य करने का निर्देश: बसंत सोरेन

## दुमका को जल्द बड़ी सौगात, हर खेत को पानी देने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता



### यह भी निर्देश

- योजनाओं की स्वीकृति से कार्य प्रारंभ होने की अवधि को न्यूनतम करें।
- बजट को त्रैमासिक आधार पर 100 प्रतिशत खर्च करना सुनिश्चित करना।
- आवंटित बजट को वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के एक माह पहले ही 100 प्रतिशत खर्च करें।
- कार्य प्रणाली में समय और गति पर फोकस करें।
- सिस्टम को मजबूत, ट्रांसपैरेंट और टाइम एंड रिजल्ट वाला बनायें।
- कार्य होने पर समय पर भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि एजेंसिया उत्साहित होकर कार्य करें।

**दुमका।** पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने दुमका में संथाल परगना के सभी जिलों में चल रही विकास योजानाओं की समीक्षा पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग में चल रही योजनाओं को लेकर कई निर्देश दिये। समीक्षा बैठक के बाद पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि तीनों विभाग अपने कार्यों को लेकर संजीदा हैं और काफी सारी चीजें हैं, जिसको विभाग बहुत बारीकी से देख रहा है, बहुत सजगता से उस पर काम कर रहा है, आप देखेंगे कि आने वाले दिनों में इसका असर बहुत अच्छा होगा। यहां की सड़कें और बेहतर होंगी।

जल संसाधन विभाग ने हर खेत को पानी देने की स्कीम तैयार की है। खेतों तक जल पहुंचाने की जो योजना है। उसको लेकर विभाग लगातार उस पर काम कर रहा है। आप देखेंगे बहुत जल्द खेतों में पानी का संचार बहुत अच्छा होगा।

### मिनी सचिवालय जल्द बनेगा

उन्होंने ने कहा किदुमका में मिनी सचिवालय को लेकर मैं शुरू से ही बहुत संजीदा रहा हूं। मैंने भवन निर्माण विभाग को निर्देश दिये हैं कि जगह चिह्नित करके जल्द से जल्द मिनी सचिवालय की आधारशिला रखें। जो योजनाएं चल रही हं, सर्वप्रथम तो उन्हीं चीजों का मैंने आज रिव्यू किया है। पुरानी ही सौगात इतनी बड़ी है कि उस पर ध्यान देना जरूरी है।

बारिश की वजह से अगर कहीं कोई घटना हुई है, तो उस काम की गुणवत्ता पर सवाल उठाना गलत होगा। वहां काम अभी शुरू ही हुआ था और भारी बारिश की वजह से ये घटना हुई है। दुमका को नयी सौगात देने जा रहे हैं, उसका जिक्र अभी नहीं करेंगे, लेकिन दुमका वासियों के लिए वह अच्छी सौगात है।

पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को पूरे राज्य में सड़क का घनत्व बढ़ाने पर कार्य करने का निर्देश दिया है। बसंत सोरेन ने स्पष्ट किया है कि सड़क घनत्व विकसित राज्यों के समकक्ष होना चाहिए। दुमका में पथ निर्माण सचिव सहित विभाग के अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता और वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। मंत्री ने योजनाओं की गुणवत्ता को उच्च स्तर पर बनाये रखने को कहा है। योजनाएं समय पर पूरी हों, इसके लिए विस्तृत टाइम लाइन बनाने को भी कहा गया है। विभागीय मंत्री ने जल्द ही सड़क-पुल और फ्लाई ओवर निर्माण की नयी परियोजनाओं को धरातल पर लाने का काम करने को कहा। लंबित योजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है।

www.epaper.azadsipahi.in

03 जुलाई, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 253

ओड़िशा में रथ यात्रा की दो दिन की छुट्टीः सीएम









## झारखंड में सियासी हलचल फिर हुई तेज

# सत्ताधारी विधायक दल की बैठक आज

- अहम फैसला लिये जाने की उम्मीद
- मुख्यमंत्री के घोषित कार्यक्रम रद्द
- चंपाई और हेमंत की हुई मुलाकात

प्रशांत झा

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाइकोर्ट के उस आदेश के बाद शुक्रवार को जेल से बाहर आ गये, जिसमें कोर्ट ने साफ कहा था कि हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी के पास कोई ठोस सबूत नहीं हैं। इसके बाद से राज्य में राजनीतिक हलचल एक बार फिर तेज हो गयी है। खासकर मंगलवार को राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं उठती रहीं। इसकी वजह थी, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का मंगलवार को सारे कार्यक्रमों को रद्द करना और हेमंत सोरेन द्वारा बुधवार को सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक बुलाना। माना जा रहा है कि इंडी गठबंधन की बुधवार को होनेवाली बैठक में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं। बैठक को लेकर कोई भी कुछ कहने से बच रहा है। इससे पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुलाकात के बाद राजनीतिक फिजां में खामोशी है।

**चंपाई आम दिनों की तरह लोगों से नहीं मिलेः** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मोरहाबादी आवास पर मंगलवार सुबह आम दिनों की तरह लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचे थे। किसी को भी गेट के अंदर मिलने के लिए नहीं जाने दिया जा रहा था। सुरक्षाकर्मियों का केवल इतना जवाब था, कि मुख्यमंत्री आज किसी से नहीं मिलेंगे। क्यों नहीं मिलेंगे या कब मिलेंगे, इसका कोई जवाब नहीं था। उधर, घर के बाहर कारकेट तैयार था। उन्हें 10.15 में रांची के खेलगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होना था। पहले सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि मुख्यमंत्री को अभी निकलना है। इसके कुछ देर बाद सूचना आयी कि वह खेलगांव के कार्यक्रम में नहीं जा रहे। खेलगांव के कार्यक्रम के बाद चंपाई को दुमका जाना था। वहां कार्यक्रम में शामिल होना था, उसे भी रद्द कर दिया गया। साथ ही 3 जुलाई को रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाले कार्यक्रम को पहले ही रद्द कर दिया गया था, जबकि प्रभात तारा मैदान में तैयारी हो गयी थी। टेंट आदि लगने लगे थे। लोगों और लाभुकों को आने के लिए संदेश भेज दिया गया था। सीएम दोपहर बाद तक आवास पर ही रहे।

**हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे थे लोगः** उधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर भी मंगलवार की सुबह धीरे-धीरे लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। हेमंत सोरेन लोगों से मिलेंगे या नहीं, इसकी कोई जानकारी नहीं दी जा रही थी। दोपहर में हेमंत सोरेन केवल कुछ खास गिने-चुने लोगों से मिले। दोपहर के बाद हेमंत सोरेन ने खुद चंपाई सोरेन से मुलाकात की। दोनों के बीच क्या बातें हुईं, इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि दोनों के बीच मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति को लेकर बातचीत हुई है।




### चंपाई से मुलाकात के बाद हेमंत ने फिर पोस्ट की कविता

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा पर खूब शायराना अंदाज में हमला कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक बार फिर सोमवार को की गयी कविता को पोस्ट किया। हेमंत सोरेन ने 1 जुलाई को कविता के साथ अपने आवास के बाहर संबोधन की तस्वीर शेयर की थी। वहीं, मंगलवार को उसी कविता के साथ उन्होंने हेलिकॉप्टर में उड़ान भरते हुए अपनी तस्वीर साझा की है।

***कविता :*** *इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है*
*तानों के भी शोर में रह कर सच कहने की आदत है!!*
*मैं सागर से भी गहरा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे*
*चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं*
*तुम मुझको कब तक रोकोगे-2*

### विधायक दल की बैठक को लेकर चर्चा

उधर, हेमंत सोरेन ने सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक बुलायी है। इसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद के तमाम विधायक होंगे। इस मसले पर राजनीतिक गलियारे में दो तरह की बातें हो रही हैं। एक तरफ चर्चा है कि हेमंत सोरेन हाइकोर्ट से बेदाग निकले हैं, उन्हें फिर से सत्ता सौंपा जाये, विधायक इसकी मांग रख सकते हैं। बैठक में इसे लेकर कुछ अहम फैसला लिया जा सकता है। वहीं, दूसरी चर्चा यह है कि हेमंत सोरेन सभी सहयोगी विधायकों से आगामी विधानसभा चुनाव और उनके जेल में रहने के दौरान उपजे राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे। भविष्य की रणनीति बनेगी। फिलहाल केवल कयास के आधार पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सभी की नजर बुधवार को हेमंत सेरन के साथ सत्ताधारी दल के विधायकों की बैठक पर टिकी हुई है।

# 2024 से कांग्रेस परजीवी पार्टी कहलायेगी : मोदी

- प्रधानमंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर रखा धन्यवाद प्रस्ताव
- कांग्रेस पर साधा निशाना, विपक्ष की एक-एक बात का दिया जवाब


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने 2 घंटे 15 मिनट तक भाषण दिया। इस दौरान विपक्ष वेल में आकर लगातार हंगामा करता रहा। विपक्षी सांसदों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी, मणिपुर-मणिपुर और न्याय दो-न्याय दो के नारे लगाये। प्रधानमंत्री को इस दौरान दो बार अपना भाषण रोकना पड़ा। स्पीकर ने विपक्ष को दो बार ऐसा नहीं करने की नसीहत दी। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ये ठीक नहीं है, फिर भी विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान विपक्ष के सांसदों द्वारा कही गयी एक-एक बात का जवाब दिया।

**राहुल के हिंदू वाले बयान का दिया जवाबः** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी पार्टी के रूप में जानी जायेगी। कांग्रेस जिसके साथ रहती है, उसी के वोट खा जाती है। मैं ऐसा आंकड़ों के आधार पर कह रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के 'हिंदू हिंसक' वाले सोमवार के बयान पर कहा कि ये गंभीर बात है कि हिंदुओं पर आरोप लगाने का झूठा षड्यंत्र हो रहा है। क्या हिंदू हिंसक होते हैं? देश इन्हें माफ नहीं करेगा। अब हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा कि क्या ये अपमान कोई संयोग है या बड़े प्रयोग की तैयारी है।

**छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करनेवालों को बख्शा नहीं जायेगाः** मोदी ने कहा कि अब सेना में भर्ती को लेकर सरासर झूठ फैलाया जा रहा है, ताकि लोग देश की रक्षा करने के लिए सेना में न जायें। आखिर किसके लिए कांग्रेस हमारी सेनाओं को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है। इसे रोकने के लिए एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा। प्रधानमंत्री ने भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम, संविधान को लेकर कांग्रेस का बयान, संकल्प से सिद्धि की बात, जम्मू-कश्मीर में बदलाव, लोकसभा चुनाव आदि की भी चर्चा की।

**धन्यवाद प्रस्ताव पर 18 घंटे चर्चा हुईः** प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में सदन की सात बैठकें हुईं। सदन 34 घंटे तक चला। सत्र के दौरान 539 सदस्यों ने शपथ ली। 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ। मुझे दोबारा स्पीकर बनने का मौका मिला। 27 जून को राष्ट्रपति ने अभिभाषण दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 18 घंटे की चर्चा हुई। 68 सदस्यों ने इसमें भाग लिया। सत्र की प्रोडक्टिविटी 103% रही।



### भाषण के दौरान तीन किस्सों से साधा निशाना

**पहला किस्साः** मोदी ने राहुल का नाम लिये बिना एक किस्सा सुनाया। कहा कि कोई छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला। वह गिर गया, रोने लगा तो कोई बड़ा आकर कहता है कि देखो चींटी मर गयी, चिड़िया मर गयी। ऐसा कह कर बड़े बच्चे का मन बहला देते हैं। आजकल बच्चे का मन बहलाने का काम चल रहा है।

**दूसरा किस्साः** प्रधानमंत्री ने कहा कि 1984 के चुनावों को याद कीजिए। तब से 10 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। तब से कांग्रेस 250 के आंकड़े को छू नहीं पायी है। इस बार 99 के चक्कर में फंस गये हैं। मुझे एक किस्सा याद आता है। एक बच्चा 99% मार्क्स लेकर घूम रहा था। लोगों की वाहवाही ले रहा था। टीचर ने कहा कि ये 100 में से 99 नंबर नहीं लाया, 543 में से लाया है।

**तीसरा किस्साः** मोदी ने कहा कि एक बच्चा स्कूल से आया और जोर-जोर से रोने लगा। मां भी डरी कि क्या हो गया। बच्चा बोला- मुझे स्कूल में उसने मारा, इसने मारा, वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने पूछा कि बेटा, बात क्या थी। बच्चा यही बोला कि मुझे मारा, मुझे मारा। बच्चे ने ये नहीं बताया कि उसने किसी को मां की गाली दी थी, किसी की किताब फाड़ दी थी, किसी का टिफिन चुरा कर खा गया था। सदन में कल हमने यही बचकानी हरकत देखी है। कल यहां कहा गया- मुझे इसने मारा, उसने मारा, यहां मारा, वहां मारा। सिम्पैथी हासिल करने के लिए नया ड्रामा खेला गया। जो सच्चाई जानते हैं कि वे हजारों करोड़ रुपये की हेराफेरी में जमानत पर बाहर हैं। ये ओबीसी लोगों को चोर बताने के मामले में सजा काट चुके हैं। इन्हें देश की सर्वोच्च अदालत से गैर-जिम्मेदाराना बयान देने पर माफी मांगनी पड़ी है।

## न्यूज रील्स

### अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हाइकोर्ट का सीबीआइ को नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट में मंगलवार को सीबीआइ की ओर से की गयी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआइ को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। केजरीवाल की ओर से सोमवार को याचिका दाखिल की गयी थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआइ की रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। केजरीवाल पर दो मामले दर्ज हैं। पहला इडी का, जिसमें उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया है। इडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। दूसरा सीबीआइ का, जिसे शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर दर्ज किया गया।

# हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत

- 150 लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाथरस।** उत्तरप्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़ मच गयी। इसमें 122 लोगों की मौत हो गयी। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में मंगलवार दोपहर 11 बजे हुआ। हादसे के बाद हालात भयावह हैं। लाशों और घायलों को बस और टैंपो में सिकंदराऊ सीएचसी और एटा जिला अस्पताल भेजा गया। सीएचएसी के बाहर शव जमीन पर इधर-उधर बिखरे पड़े थे। लाशों के बीच लोग अपनों की तलाश कर रहे हैं। बदइंतजामी इस कदर है कि लाशों को ओढ़ाने के लिए चादर तक नहीं मिल रही थी। जमीन पर लेटे घायल तड़प रहे हैं, लेकिन उनका इलाज करनेवाला कोई नहीं था। एटा में जब एक के बाद एक लाश पहुंची, तो वहां मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देख कर सिपाही रजनेश (30) को हार्ट अटैक आ गया।

### सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चलते सदन के बीच हाथरस घटना का जिक्र किया। उन्होंने घटना पर दुख जताया है। साथ ही राज्य सरकार ने घायलों के इलाज के उचित इंतजाम किये हैं।

### मेरी संवेदना शोक-संतप्त परिवार के साथ है : चंपाई


रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हाथरस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कई लोगों की असामयिक मौत एवं घायल होने का दुखद समाचार मिला है। मेरी संवेदनाएं शोक-संतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### हाथरस हादसे से मन व्यथितः कल्पना सोरेन

गाडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि हाथरस में आयोजित सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ से जान माल की क्षति अत्यंत शोकजनक है। मरांग बुरु से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करती हूं। साथ ही घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले एवं शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

### पीड़ितों को मुआवजा दिया जायेः प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। राज्य सरकार से मेरी अपील है कि पीड़ितों को उचित मुआवजा देने और घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाये।




# राज्यसभा में धनखड़ और खड़गे के बीच हुई तीखी बहस

- खड़गे बोले, मुझे अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी हैं, आप नहीं
- सभापति बोले, किसने बनाया, आप जानें; चेयर का अपमान ठीक नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद सत्र के सातवें दिन मंगलवार को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस हुई। खड़गे ने बहस के बीच धनखड़ से कहा कि मुझे कांग्रेस अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी हैं, आप नहीं। इसके जवाब में सभापति धनखड़ ने खड़गे से कहा कि आपको किसने बनाया, ये आप जानें, लेकिन आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में चेयर के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की।

**दोनों के बीच कैसे शुरू हुआ विवादः** दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति धनखड़ की मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के साथ बहस हुई। धनखड़ ने कहा कि जयराम रमेश बार-बार उन्हें टोक रहे थे। जब जयराम खुद बोलने के लिए खड़े हुए तो धनखड़ ने कहा कि जयराम रमेश, आप समझदार हैं। आप प्रतिभा संपन्न हैं। गुणवान हैं। आपको तो तुरंत आकर खड़गे की जगह ले लेनी चाहिए ,क्योंकि आप खड़गे का ही काम कर रहे हैं। इस पर खड़गे ने कहा कि देखिये, ये वर्ण व्यवस्था जो आपके दिमाग में छिपी हुई है, उसे यहां बीच में मत लाइये। इसी वजह से आप रमेश को समझदार और बुद्धिमान कह रहे हैं और मुझे बेवकूफ बता रहे हैं, ताकि वे मेरी जगह ले सकें।




### बातों का गलत मतलब निकाला गया

धनखड़ ने कहा कि खड़गे को उनकी बात समझ नहीं आयी और उनके शब्दों का गलत अर्थ निकाला गया। धनखड़ ने जयराम रमेश को खड़गे की जगह लेने को कहा, जिस पर खड़गे ने कहा कि आपके दिमाग में अब तक वर्ण व्यवस्था है। इसके बाद खड़गे ने कहा कि यह पद मुझे कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दिया था। मुझे सोनिया गांधी ने अध्यक्ष बनाया है। यह पद देने का अधिकार सिर्फ सोनिया गांधी के पास है, न धनखड़ के पास और न जयराम रमेश के पास। मुझे जनता ने बनाया है। इस पर धनखड़ ने खड़गे से कहा कि मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। आपको किसने बनाया, ये आप जानें। आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। हर बार चेयर का अपमान नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े हो जाते हैं और जो आपके मन में आता है, वह कहने लगते हैं, ये समझे बिना कि मैं क्या कह रहा हूं। धनखड़ बोले कि खून का घूंट पी सकता हूं, पर सीनियर सदस्य के ऐसे बर्ताव से पीड़ा होती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# पासवा ने 20 हजार से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर इतिहास रचा

## बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के नाम पर कोचिंग के जाल में फंसते जा रहे हैं : डॉ रामेश्वर उरांव

**परीक्षा में टॉपर से कुछ कम अंक लाने वाले बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं : आलोक दुबे**






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में 20 हजार से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर इतिहास रचा। मंगलवार को हरबंस टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से आये 10वीं और 12वीं के जैक बोर्ड सीबीएसइ और आइसीएससी बोर्ड के टॉपर्स जिन्होंने बोर्ड की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये थे उसे सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। डॉ रामेश्वर उरांव ने उपस्थित अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में सिर्फ और सिर्फ स्कूली शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि बच्चे मैट्रिक के बाद और यहां तक के कुछ बच्चे तो मैट्रिक के पहले ही मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के नाम पर कोचिंग के जाल में फंसते जा रहे हैं और वास्तविकता में अपनी पढ़ाई से दूर एक व्यावसायिक जाल में फंस रहे हैं। सरकार भी इस दिशा में प्रयास कर रही है और बच्चों को भी आवश्यकता है स्कूलों में बेसिक एजुकेशन प्राप्त करें और अपने भविष्य को स्वर्णिम बनायें। उन्होंने अभिभावकों को भी अपने-अपने बच्चों को समय देने को कहा और बताया कि माता-पिता ही बच्चों के सबसे अच्छे मित्र हो सकते हैं। वर्तमान समाज में बच्चों में ड्रग्स और सोशल मीडिया के कुप्रभाव पर भी उन्होंने चर्चा की और उन्होंने बताया कि गुड पेरेंटिंग ही इसका एकमात्र निदान है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम करती है। पासवा का यह मानना है कि कुछ अंकों से पिछड़ गये बच्चे अर्थात 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाता है। क्योंकि हो सकता है किसी कारण से किसी बच्चे को परीक्षा में टॉपर से कुछ कम अंक आया हो लेकिन उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पासवा प्रत्येक वर्ष राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करता है और यह उस श्रृंखला का पांचवां छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह है। सम्मान समारोह में बच्चों द्वारा मंत्रमुग्ध करने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पद्मश्री मुकुंद नायक और उनकी टीम की प्रस्तुति अद्भुत थी। उन्होंने संपूर्ण स्टेडियम में झारखंड के संस्कृति की ऐसी छटा बिखेरी कि खचाखच भरे स्टेडियम झूमर के नृत्य पर थिरकने लगा। 2500 से अधिक प्राचार्य और शिक्षाविदों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर पासवा के लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, फलक फातिमा, शिक्षाविद राजेश पिल्लई, सिस्टर एम मल्हार, सिस्टर जेनी, एचचन तिवारी, रेखा नायडू सुखनाथ महतो, ममता देवी, डॉ सुषमा कर-केट्टा, रूपेश कुमार, रशीद अंसारी, मनोज कुमार भट्ट, संजय प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## श्री दुर्गा सप्तमी और श्री दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में हिमाचल के कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी शहर से लायी गयी मां ज्वाला जी की ज्योत के आगमन के उपलक्ष में मंगलवार को सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक पंडित ज्ञान देव सहित पांच ब्राह्मणों के द्वारा श्री दुर्गा सप्तमी का 108 मूल पाठ किया गया। तत्पश्चात भक्तों द्वारा श्री दुर्गा सप्तमी का सामूहिक जाप किया गया। प्रार्थना और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम की समाप्ति सुबह 9:30 बजे हुई। इसके बाद शाम 4 बजे से मां के भक्तों द्वारा श्री दुर्गा चालीसा का ग्यारह सामूहिक पाठ किया गया। मंदिर कमेटी के सचिव केसर पपनेजा ने बताया कि 5 जुलाई, शुक्रवार को आयोजित माता की चौकी में दिल्ली से पधार रहे भजन सम्राट पंकज राज के द्वारा भजनों का कार्यक्रम रात्रि 7 से 11 बजे तक होगा एवं मां का विशाल भंडारा भी चलाया जायेगा। साथ ही बताया कि 6 जुलाई, शनिवार को प्रातः 6 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाली जायेगी, जो कृष्णा नगर की विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर वापस पहुंच कर समाप्त होगी तथा शाम 7 बजे से माता की चौकी में मुंबई से आ रहे भजन सम्राट कुमार विश्वास के द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा एवं उसके उपरांत भंडारे का आयोजन होगा। 7 जुलाई, रविवार को मां ज्वालाजी की स्थापना एवं मां की पूजा अर्चना सुबह 10 से प्रारंभ होगी एवं रात्रि 10 बजे से अगले दिन सुबह 4 बजे तक मां भगवती का विशाल जागरण होगा, जिसमें होशियारपुर पंजाब से पधार रहे संदीप सूद एवं गिरिडीह की स्नेहल सोनी के द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा एवं रात 9 बजे से मां का विशाल भंडारा चलाया जायेगा।

## मेडिका हॉस्पिटल ने डॉक्टर्स डे पर सेवा और समर्पण का संकल्प लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, रांची में डॉक्टर्स डे बहुत भव्य और सार्थक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र और सभी विभागों के एचओडी उपस्थित थे। कार्यक्रम बहुत शानदार और सुसंस्कृत तरीके से आयोजित किया गया। सभी डाक्टरों द्वारा केक कटिंग द्वारा आयोजन का शुभारंभ हुआ। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में डॉक्टर्स की महत्वता और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनकी निःस्वार्थ सेवा हमारे समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाती है। उन्होंने कहा कि मेडिका अस्पताल के सभी डॉक्टरों ने मिलकर एक टीम की तरह काम किया है और यही कारण है कि



मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुति डाक्टरों द्वारा करना प्रमुख आकर्षण रहा। सांस्कृतिक आयोजनों को सफल बनाने में डॉ पंकज मिश्र, डॉ अनिन्द्या अनुराधा, डॉ अर्चना, डॉ राकेश अग्रवाल, डॉ विशाल विनोद, डॉ विशाल खांडवे, डॉ राकेश ठाकुर, डॉ सिद्धार्थ कुमार, डॉ प्रियम, डॉ योगेश जैन, डॉ दीपक चंद्र प्रकाश, डॉ अंजना गांधी, डॉ अजित, डॉ गुंजेश, डॉ जयशंकर, डॉ लता, डॉ आतिया, डॉ दीपक मल्लिक, डॉ नांग्से लामा, डॉ जितेंद्र, डॉ अलका, डॉ राजकुमार, डॉ निर्मल, डॉ रोहित सेंगर, डॉ अमर, डॉ वीके वर्मा, डॉ समर, डॉ अंतरिक्ष, डॉ रितिका, डॉ गरिमा के साथ एचआर प्रमुख पिउली बनर्जी का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन ब्रांड प्रमुख भारती ओझा ने किया, डायटेटिक्स प्रमुख डॉ. विजयश्री, आइटी प्रमुख सुहैल कैसर, नर्सिंग इंचार्ज सिस्टर तंजेट फैशन शो के निर्णायक की भूमिका में रहे। इस अवसर पर अस्पताल परिसर को खूबसूरती से सजाया गया था और सभी ने मिलकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## अमित शाह 20 जुलाई को रांची आयेंगे



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 जुलाई को रांची आयेंगे। बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वह बीजेपी कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद वह पहली बार झारखंड आ रहे हैं। वहीं, जानकार बीजेपी के दिग्गज नेता के झारखंड आगमन को आगामी विधानसभा चुनाव से भी जोड़ कर देख रहे हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर ही बीजेपी नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं। सरमा को झारखंड विधानसभा चुनाव का सह प्रभारी बनाया गया है।

## जेसीएम अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय को सौंपेगा



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को झारखंड छात्र मोर्चा (जेसीएम) रांची विश्वविद्यालय समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमन कुमार तिवारी, संचालन सचिव असद फेराज टिंकू एवं धन्यवाद ज्ञापन संगठन सचिव मोहम्मद इरफान खान ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय के सत्र 2017-20 तथा 2018-21 जीइ पेपर-2 विषय में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राएं को लेकर की गयी तथा उनके उत्तर पुस्तिका का पुनः मूल्यांकन पर चर्चा की गयी। इस बैठक में जेसीएम की ओर से अध्यक्ष अमन कुमार तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव मोहम्मद इरफान खान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान तथा डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा उपस्थित रहे तथा मुक्त भोगी छात्रों में मुख्य रूप से पुष्पराज सिंह, सैयद अहमद, मुसर्रत परवीन, शिवानी कुमारी, पूजा कुमारी, सरिता उरांव, तस्लीम अंसारी, नीलू टोप्पो, पूनम इत्यादि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 9 को तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे संघ प्रमुख मोहन भागवत

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत 9 जुलाई को तीन दिवासीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। मोहन भागवत आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की बैठकों में हिस्सा लेंगे। इन बैठकों का आयोजन 12 से 14 जुलाई तक होना है। भागवत के आगमन को आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। प्रांत प्रचारकों की बैठक के पहले भागवत तीन दिनों तक संघ के राष्ट्रीय, प्रांतीय और विभाग के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में विदाई समारोह

**रांची विश्वविद्यालय पीजी इकोनॉमिक्स की विभागाध्यक्ष बनीं डॉ वंदना राय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंगलवार को डॉ वंदना राय के सम्मान में सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डॉ वंदना राय रांची विश्वविद्यालय पीजी इकोनॉमिक्स की विभागाध्यक्ष बनीं हैं। इस अवसर पर डॉ वंदना राय ने शिक्षकों कर्मचारियों एवं छात्रों को शुभकामना दी। इस अवसर पर डॉ समर सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ बीपी अखौरी, डॉ सावित्री कुमारी, डॉ सीमा सुरीन, डॉ राजश्री महतो, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ अनिता कुमारी गुप्ता, मिस आकांक्षा सिंह, डॉ जुरैन सिंह मनकी, डॉ अनिल ब कल्लू, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ रवि कुमार दास, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ आरएन सिंह, मिस मंजू सिंह, डॉ रीना कुमारी, डॉ तनुज खत्री, डॉ नाजिश, डॉ कुमारी जिज्ञासा, गायत्री सिन्हा, शिवली अख्तर, मुकेश उरांव, लक्ष्मी कुमारी, प्रांजल शाह, नेमहा टोप्पो, रुकैया परवीन, डॉ त्रिभुवन शाही, डॉ उषा कीरो, डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ कन्हैया लाल, डॉ नंद किशोर सिंह, डॉ संगीता कुमारी, डॉ अर्चना सिंह, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ संजय कुमार सारंगी, डॉ सुभाष साहू, फरात जेबा, रागिनी गोस्वामी, आदर्श रोनित केरकेट्टा, जितेंद्र सिंह, विजय लुगुन, अजय कुमार प्रसाद, सुशील उरांव, जावेद अहमद, अभिषेक कुमार, पुष्पा कुमारी, कुंदन कृष्णा, आलोक चंद्र, संगीता टोप्पो, शिवकुमार सिंह, मोतीलाल राम, धनेश्वर मुंडा, अनूप तिर्की, मनोज उरांव, मोनू थापा मौजूद थे।

## हेहल अंचल कार्यालय में भू-मापक अमीन प्रशिक्षण 21 जुलाई से, नामांकन शुरू




रांची (आजाद सिपाही)। हेहल अंचल कार्यालय में सर्व शिक्षण जन सुजित सेवा संस्थान की ओर से भू-मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जुलाई से आरंभ हो रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए सोमवार को ही नामांकन की शुरूआत हो चुकी है। नामांकन की अंतिम तिथि 12 जुलाई निर्धारित है। इससे संबंधित आदेश हेहल सीओ विजय कुमार की ओर से जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि रांची के अपर समाहर्ता के आदेश पर हेहल अंचल में अंचल स्तर पर भू-मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक निर्धारित है। यह प्रशिक्षण रविवारीय होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अश्फाक अहमद ने बताया कि नामांकन की शुरुआत हो चुकी है। नामांकन समाप्ति के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जानी है, बड़ी संख्या में छात्रों ने नामांकन लिया है। इलाके के छात्रों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह है। इस कार्यक्रम में भाग लेकर एक कुशल अमीन बन कर स्वरोजगार से जुड़ने का बेहतर अवसर है। इसके अलावा भू-मापक अमीन से संबंधित कई तरह की नियोजन में जुड़ने का सुनहरा अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि 9955354092 पर प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी संपर्क कर सकते हैं।

# सत्ता के नशे में चूर राज्य सरकार को जनता के दुःख-दर्द से कोई मतलब नहीं : आजसू

## आजसू ने राज्य के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हल्ला बोल कार्यक्रम के छठे दिन मंगलवार को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ विभिन्न प्रखंड और नगर इकाई कार्यालयों में ज्ञापन सौंपा। आजसू के कार्यकर्ताओं ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर राज्य सरकार को जनता के दुःख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। सरकार जनता की सेवा करने की जगह भ्रष्टाचार को बढ़ावा और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में व्यस्त है। इनकी सभी घोषणाएं केवल सरकारी दस्तावेजों, अखबारों और खंभों में लगे विज्ञापनों तक ही




सीमित है। धरातल की सच्चाई से सरकार का कोई वास्ता नहीं है। सरकार की गलत नीति निर्धारण के चलते राज्य की जनता आज राशन, पेंशन, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। आजसू पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र की जनता की समस्या का जल्द निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। रामगढ़ जिला के पतरातू, हजारीबाग जिला के सदर, चुरचू और केरेडारी, बोकारो जिला के पेटरवार, सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़, जामताड़ा के नाला, साहिबगंज जिला के पतना और बरहरवा, पलामू के सतबरवा, गढ़वा के गढ़वा प्रखंड और देवघर नगर आयुक्त कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ का क्लस्टर मीट




रांची (आजाद सिपाही)। बैंक आफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के रांची अंचल द्वारा एक्सआइएसएस में क्लस्टर मीट का आयोजन किय गया। जिसमें रांची शहर और आस-पास के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत लगभग 350 स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस खास अवसर पर फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड नागेश्वर, महासचिव कॉमरेड नीलेश पवार और चेयरमैन कॉमरेड संजय दास ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया। कॉम. जी नागेश्वर ने बैंकिंग जगत से जुड़ी वर्तमान गतिविधियों पर विस्तार से सभी को अवगत कराया। अध्यक्ष कॉम. नीलेश पवार ने कहा कि फेडरेशन राष्ट्रीय स्तर पर अधिकारियों से जुड़े मुद्दे को गंभीरतापूर्वक उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा। चैयरमैन कॉम संजय दास ने एकजुट और मजबूत रहने का संदेश दिया। झारखंड इकाई के महासचिव सुनील लकड़ा ने कॉम नागेश्वर और कॉम निलेश पवार को अध्यक्ष और महासचिव का पद ग्रहण करने के बाद पहली बार भगवान बिरसा की भूमि झारखंड आगमन पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। मौके पर एआइबीओसी के झारखंड राज्य के सचिव कॉम प्रकाश उरांव, बिहार इकाई के महसचिव गणेश पांडेय, झारखंड इकाई के अध्यक्ष अमित कुमार, उपाध्यक्ष कॉम बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव कॉम. मनीष नारायण उपस्थित थे।

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। हाजीपुर में मंगलवार को 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### संरक्षा आयुक्त ने वारिसलीगंज-नवादा रेलखंड का निरीक्षण किया




हाजीपुर (आजाद सिपाही)। श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा मंगलवार को दानापुर मंडल के किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत लगभग 19 किमी लंबे नव-दोहरीकृत वारिसलीगंज-नवादा रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा नवनिर्मित दोहरीलाइन एवं पुल-पुलिया तथा वारिसलीगंज और नवादा स्टेशन के स्टेशन भवन, पैनलरूम, रिले रूम एवं आइपीएस रूम का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से वारिसलीगंज से नवादा के मध्य अधिकतम 115 किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जायेगा। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित निर्माण विभाग तथा दानापुर के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे। विदित हो कि वारिसलीगंज-नवादा नव-दोहरीकृत रेलखंड दानापुर मंडल के अंतर्गत लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत वाली किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना का भाग है।

### प्रेस क्लब में लगा रक्तदान शिविर



रांची (आजाद सिपाही)। रांची प्रेस क्लब और रक्तदान के लिए समर्पित संस्था जीवनदान द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को करमटोली स्थित प्रेस क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 यूनिट खून एकत्र कर रिम्स ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया गया। 6 लोगों ऐसे भी थे, जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। कैंप की शुरूआत प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला द्वारा पहला रक्तदान कर किया गया। इसके बाद प्रेस क्लब और जीवनदार संस्था के बाकी सदस्यों ने भी रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान करने वालों में क्लब के कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, चंद्रप्रकाश रावत, आषीश कुमार, रोहित कुमार और अन्य शामिल थे। जीवनदान संस्था के संस्थापक अमन मिश्रा ने बताया कि कैंप के माध्यम से विभिन्न ब्लड बैंकों में खून की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाता है। हम बतौर रक्तदाता संगठन लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने की कोशिश करते हैं। बावजूद सच्चाई यह है कि हर 10 व्यक्ति को ब्लड डोनेशन के लिए मोटिवेट करने में मात्र 1 या 2 लोग ही इसके लिए तैयार होते हैं। अब भी लोगों में रक्तदान को लेकर काफी भ्रांति है, इसे दूर करना बेहद जरूरी है। रक्तदान शिविर में क्लब के उपाध्यक्ष धमेंद्र गिरी, सदस्य चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार, विजय मिश्रा समेत अन्य उपस्थित रहें। वहीं, रिम्स ब्लड बैंक से काउंसलर डॉ कविता देवघरिया, सीनियर रेजिडेंट डॉ चंद्रभूषण एवं अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# हाथरस में हुई घटना से मर्माहत हूं: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हाथरस में आयोजित सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ से जान-माल की क्षति अत्यंत शोकजनक है। मरांग बुरु से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करती हूं। साथ ही, इस हादसे में घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले एवं शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

# हाथरस की दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अबतक की अधिकृत सूचना के अनुसार 122 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है और मृतकों एवं हताहतों की संख्या और अधिक बढ़ने की आशंका है। श्री तिर्की ने कहा कि हाथरस की घटना इस बात को बताने के लिए पर्याप्त है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सरकार एवं प्रशासन को न केवल अधिक सतर्कता और सावधानी की जरूरत है बल्कि, यूपी की सरकार और प्रशासन को अपनी लापरवाही पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है। श्री तिर्की ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी को अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत है क्योंकि मोदी और योगी सरकार केवल अपने चेहरे को चमकाने और अपनी ब्रांडिंग के प्रति समर्पित है जबकि आम लोगों को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है।

# जब से बीजेपी में गये जहर उगल रहे बाबूलाल: इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी के लोकसभा भाषण का एक अंश पोस्ट कर बाबूलाल मरांडी को जम कर खरी-खोटी सुनायी है। इरफान अंसारी ने कहा है कि जब से आप (बाबूलाल) बीजेपी में गये हैं, जहर उगल रहे हैं। मुद्दे पर लड़ाई होनी चाहिए, क्रॉप करके किसी को नीचा मत दिखाइये। दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने बीते दिन एक्स पर वीडियो शेयर किया था, जिसमें लिखा था कि राहुल गांधी ने कहा है कि हिंदू हिंसा करते हैं। उसी को लेकर इरफान अंसारी ने ये ट्वीट किया है। इरफान अंसारी ने एक्स पर लिखा है कि आप एक आदिवासी नेता हैं। आदिवासी हमेशा ईमानदार होता है। उनके अंदर इंसानियत होती है। लेकिन आप उल्टा निकले। जब से आप बीजेपी में गये हैं, जहर उगल रहे हैं।

## संसद में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की जोबा मांझी ने

# झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दें : जोबा मांझी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सिंहभूम सांसद जोबा मांझी ने लोकसभा में अपने पहले संबोधन में झारखंड से जुड़े विषयों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब में बोलते हुए आदिवासियों के अस्तित्व और पहचान के लिए सरना धर्म कोड लागू करने एवं झारखंड प्रदेश के संपूर्ण विकास को लेकर स्पेशल पैकेज देने की मांग की।

जोबा मांझी ने केंद्र सरकार को अर्थव्यवस्था, नीट पेपर लीक, 1975 का आपातकाल बनाम 2014-24 का आपातकाल समेत कई मुद्दों पर विरोध जताया। जोबा मांझी ने कहा कि अभिभाषण में स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार की चर्चा तो की गयी है। तकनीकी तौर पर सदन में सरकार को बहुमत तो प्राप्त है, लेकिन जनता की नाराजगी स्पष्ट रूप से व्यक्त हुई है। सरकार देश के मतदाताओं की भाषा को समझ ले, उसके अनुसार अपनी नीतियों, अपने व्यवहार में परिवर्तन लाये, देश और न्याय की बात करे, क्योंकि 18वीं लोकसभा के चुनावों की भाषा स्पष्ट है कि ये स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार नहीं है।

जोबा मांझी ने कहा कि यहां आय के साधन, गरीबी, बेरोजगारी, बीमारी, पलायन को देख कर यही लगता है कि अर्थव्यवस्था का समतामूलक और न्यायपूर्ण बंटवारे पर अभी हमें और बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दस वर्षों में चार करोड़ पीएम आवास दिया। लेकिन झारखंड जैसे पिछड़े एवं जनजातीय बहुल राज्य में पीएम आवास योजना नहीं दी जा रही है। राज्य सरकार अबुआ आवास की योजना चला रही है, जो राज्य की आवश्यकताओं से काफी कम है। सांसद ने केंद्र सरकार से जीएसटी कलेक्शन से झारखंड के बकाया हिस्से की मांग की।

# राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करें: उर्दू शिक्षक संघ

आजाद सिपाही संवाददाता

> विश्वविद्यालय के शिक्षक यदि 65 वर्ष तक सेवा दे सकते हैं तो विद्यालय के शिक्षक क्यों नहीं?

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने शिक्षकों सहित अन्य राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग सरकार से की है। इस संदर्भ में राज्य के मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव को मांग पत्र सौंपा गया। संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के तीनों संवर्ग (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की उम्र झारखंड में मात्र 60 वर्ष है, जबकि अपने ही राज्य में विश्वविद्यालय के शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 65 वर्ष है। दोनों ही स्तर पर शैक्षणिक कार्यो का निष्पादन किया जाता है ऐसे में पांच वर्षों का सेवा अंतराल का होना न्यायसंगत एवं उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में लगातार सेवानिवृत्ति से रिक्त हो रहे पदों पर न नियुक्ति हुई और न ही वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को किसी प्रकार का विभागीय प्रोन्नति दी गयी है। ऐसे ही शिक्षक और कर्मचारी वर्ग अवसाद के शिकार हो रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से आग्रह किया गया है कि सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण योजना को सफलीभूत करने के लिए अनुभवी एवं दक्ष शिक्षक एवं कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किया जाना आवश्यक हितकारी होगा। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों में केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, उपाध्यक्ष साबिर अहमद, प्रवक्ता शहजाद अनवर, मो फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी, सरवर आलम सहित अन्य शामिल थे।

# एचइसी के पूर्व सीएमडी समेत चार पर एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

> रशियन कंपनी से मिल कर फर्जीवाड़ा करने का आरोप

**रांची।** एचइसी के पूर्व सीएमडी समेत चार पर सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज की है। सीबीआइ दिल्ली के एंटी करप्शन वन टीम ने आइपीसी की धारा 120-बी आर/डब्ल्यू 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(2) आर/डब्ल्यू 13(1)(डी) के तहत एफआइआर दर्ज की है। इन पर रशियन कंपनी से मिल कर करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उसमें एचइसी के पूर्व सीएमडी अभिजीत घोष, पूर्व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी और शाखा प्रबंधक एचइसी दिल्ली के नवीन कुमार सिंह और एचइसी के बिजनेस डेवलपमेंट के तत्कालीन प्रमुख अश्विनी कुमार दास शामिल हैं। इसके अलावा अज्ञात लोकसेवकों और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज की है। रशियन कंपनी के साथ मिलीभगत कर आपराधिक साजिश रचने के मामले में सीबीआइ ने पीइ दर्ज कर 6 अप्रैल 2023 को अपनी जांच शुरू की थी।

# सीआइडी ने साइबर अपराधी को हैदराबाद से किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) ने झारखंड सहित 18 राज्यों में ठगी करनेवाले साइबर अपराधी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम मकिरेड्डी सुजीत कुमार है। इसके पास से मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। इसके खिलाफ झारखंड सहित 18 राज्यों में साइबर ठगी के 94 मामले दर्ज हैं। इन राज्यों में आंध्रप्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, केरला, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, ओड़िशा और झारखंड शामिल हैं। झारखंड सीआइडी ने सुजीत कुमार को रांची साइबर सेल थाना में दर्ज 1.40 करोड़ रुपये की ठगी मामले में गिरफ्तार किया है। सीआइडी के साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि 19 मई को साइबर थाना में एक व्यक्ति ने दर्ज करायी शिकायत में कहा कि फर्जी लिंक से धोखाधड़ी की।

# बेहतर चिकित्सा सेवा के संकल्प के साथ क्यूरेस्टा हॉस्पिटल में मनाया गया डॉक्टर्स डे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेशनल डॉक्टर्स डे के मौके पर धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित करने के उद्देश्य से रांची के इरबा स्थित क्यूरेस्टा हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष एक जुलाई को डॉ विधान चंद्र राय को ट्रिब्यूट देते हुए डॉक्टर्स डे मनाया जाता रहा है, इसी कड़ी में इरबा स्थित क्यूरेस्टा हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस मौके पर ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने कहा कि मरीज के लिए हॉस्पिटल के गार्ड से लेकर डॉक्टर तक की बहुत बड़ी अहमियत है क्योंकि सभी के भागीदारी से ही एक अच्छा हॉस्पिटल बनता है और मरीजों को अच्छी सेवा प्रदान कर पाता है।

इस मौके पर प्रख्यात न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन तथा क्यूरेस्टा हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार ने कहा कि भारत में चिकित्सा व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है लेकिन इसका लाभ हर कोई कों नहीं मिल पा रहा है। बहुत सी त्रुटिया हैं जिसे दूर करना आवश्यक है। उन्हेंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता है कि बेहतर से बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधा हर लोगों को मुहैया करा सकें। इसके लिये वो हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर ग्रुप डायरेक्टर सावन सिवेश, क्यूरेस्टा हेल्थ के डायरेक्टर रजत मजूमदार एवं एसोसिएट डायरेक्टर द्रविण सिंह भी उपस्थित थे।

## लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन और सूचना आयुक्त के पद खाली

# नियुक्ति प्रक्रिया अगस्त माह तक पूरी कर ली जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के पद अगस्त माह के तीसरे सप्ताह तक भर लिये जायेंगे। राज्य सरकार की ओर से इसकी जानकारी मंगलवार को कोर्ट को दी गयी। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट बताया कि उक्त पदों के लिए अगस्त माह तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। इस पर कोर्ट ने 6 अगस्त की तिथि निर्धारित करते राज्य सरकार को नियुक्ति से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।बीते सोमवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं, इसे जल्द भरा जाये। कोर्ट ने शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर टाइम फ्रेम की अवधि कम करने को कहा था, राज्य सरकार की ओर से लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, ह्यूमन राइट कमीशन के चेयरमैन के पद पर नियुक्ति के लिए टाइम फ्रेम प्रस्तुत किया गया।

# श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव में भजनों पर खूब झूमे भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

> पंजाब से आये विजय महाराज ने नृत्य और भजनों से श्रद्धालुओं को झुमाया



**रांची।** योगिनी एकादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में अखंड ज्योत के साथ श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव शुरू हुआ। मोगा पंजाब से पधारे श्री विजय महाराज जी ने पवन ज्योति प्रज्ज्वलित की। यजमान प्रभु दयाल विश्वनाथ नारसरिया परिवार एवं सह यजमान सुभाष पोद्दार रौनक पोद्दार परिवार ने ज्योति में आहुति दी एवं रक्षा कवच बंधवाया। श्री श्याम भक्तों ने महाराज जी को माला पहनाकर स्वागत किया। सैकड़ों भक्तों ने श्री विजय महाराज को अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को भोग अर्पित किये गये, आम फल सेवा ओम प्रकाश एवं वैभव छावनिका, रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी, गिरी गोला प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल, नवीन पोशाक सेवा स्मृति शेष सुशील लोहिया, घृत सेवा शुभम अग्रवाल ने अर्पित किया।

रात 9:00 बजे विजय महाराज के सानिध्य में भजन गंगा शुरू हुई। श्रवण ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, पवन शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, सलज अग्रवाल, साकेत ढांढनिया, वेद भूषण जैन ,मदन सोनी आदि ने खाटू नरेश के समक्ष सुमधुर भजनों को पेश किया। श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव के अवसर पर खाटू नरेश का भव्य श्रृंगार किया गया। श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा ने मंत्री गौरव अग्रवाल के सानिध्य में किया गया। देर रात्रि तक भजन गंगा प्रवाहित होती रही।

इससे पहले प्रातः 10:00 बजे से 108 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ। राजेश जायसवाल पत्नी रेशम जायसवाल ने बालाजी की ज्योति प्रज्ज्वलित की। अखाड़ा महोत्सव में मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, रोशन खेमका, पवन शर्मा, किशन गोयल आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री श्याम मंदिर में योगिनी एकादशी उत्सव भक्तिमय वातावरण में मना



रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। रथ यात्रा के पूर्व इस पावन एकादशी को प्रातः काल से भक्तों की भीड़ श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहन कर कर विभिन्न ताजे खुशबूदार फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। वरदानी शीश का भव्य दर्शन कर भक्तगण अत्यंत भाव विभोर हो रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, प्रदीप अग्रवाल, मनोज ढांढनियां, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया, अभय संगरवाला, प्रियांश पोद्दार और अजय साबू का सहयोग रहा।

### राहुल ने पूरे हिंदू समाज का अपमान किया है : अर्जुन राम



रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान 'हिंदू' के खिलाफ दिये गये बयान को लेकर पूरे देश के हिंदुओं में रोष देखा जा रहा है। मंगलवार को भाजपा नेता सह झारखंड जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन राम के नेतृत्व में कांके चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। मौके पर भाजपा नेता अर्जुन राम ने कहा कि हिंदू समाज को गाली देना, नीचा दिखाना तथा हिंदू देवी-देवताओं के अस्तित्व को नकारना कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस की नयी पीढ़ी राहुल गांधी के रूप में लोकसभा में उसी चरित्र को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारा लगाते हुए कांके चौक पर पुतला फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम में निरंजन कुमार, अशोक कुमार, विकास महतो, हिमांशु राय, शिव मुंडा, सुभम तिर्की, आकाश तिवारी, अशोक करमाली, रवि शंकर सिंह, विवके लोहार, कमल तारा साहू, सोनू साहू, रमेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आरएस फाउंडेशन ने सीए दिवस की बधाई दी



रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की स्थापना एक जुलाई 1949 को हुई थी। प्रत्येक वर्ष एक जुलाई के दिन सीए दिवस के रूप में मनाया जाता है। आरएस फाउंडेशन की डॉ रंजना स्वरुप ने सीए दीपक बंका एवं सीए बजरंग गुप्ता इंस्सटीट्यूट ऑफ चारर्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य को सम्मानित किया। आरएस फाउंडेशन उनके इस उपलब्धि एवं सफलता की बधाई दी।

### जेएसएससी पीजीटी में हुई धांधली की सीबीआइ जांच हो : भाजयुमो




रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएससी पीजीटी प्रतियोगिता परीक्षा में हुई धांधली के विरोध और इसकी सीबीआइ जांच की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची के द्वारा मंगलवार को शहीद चौक से मसाल जुलूस निकाला गया। सभी की मांग थी कि जेएसएससी पीजीटी परीक्षा की सीबीआइ जांच हो और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा शशांक राज ने कहा झारखंड में लगातार प्रतियोगिता परीक्षा में धांधली हो रही है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए सीटों को बेचने का काम किया गया। मौके पर रांची महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राज्य का युवा पिछले 5 सालों से अपने आप को ठगा और असहाय महसूस कर रहा है। राज्य की हर परीक्षा में धांधली पायी जा रही है, इसी को लेकर आज युवा मोर्चा रांची जिला द्वारा या मसाल जुलूस निकालकर अपना विरोध जताया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमीति सदस्य रमेश सिंह, पवन पासवान, संजय महतो , रिद्धि राज, विवेकानंद जयसवाल, सतीश सिंह, रोहित सिंह, अंकित सिंह, उज्जवल मिश्रा, रौनक सिंह राजपूत, सनी सिंह, ऋषि कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

### हाइकोर्ट ने ग्रेड 7 प्रोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगायी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उच्च न्यायालय ने ग्रेड 7 प्रोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगायी। मौजूदा प्रभावी 1993 प्रोन्नति नियमावली के अंतर्गत ग्रेड 7 प्रोन्नति देने एवं सीधी नियुक्ति से नियुक्त ग्रेड 4 शिक्षकों को ग्रेड 7 प्रोन्नति सूची से बाहर करने के विरूद्ध उच्च न्यायालय में विशाल प्रताप देव विरूद्ध झारखंड सरकार से संबद्ध रिट याचिका पर न्यायाधीश राजेश कुमार के कोर्ट में सुनवाई हुई और विभिन्न जिलों द्वारा त्रुटिपूर्ण एवं भेदभाव पूर्ण तरीके से अपनाये जा रहे ग्रेड 7 प्रोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति को निर्देश दिया कि जब तक न्यायालय द्वारा अंतिम निर्णय नहीं दिया जाये तब तक ग्रेड 7 प्रोन्नति नहीं दी जायेगी। इसपर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की ओर से अपनी बात रखते हुए जिला अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि इससे पहले भी विभिन्न जिलों के शिक्षकों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने विभिन्न प्रकार का अंतरिम आदेश दिया है और मौजूदा 1993 प्रोन्नति नियमावली के अंतर्गत वर्णित नियमों के अधीन ही प्रोन्नति देने संबंधी टिप्पणी के साथ-साथ केवल मार्गदर्शन पत्र और सुझावों के आधार पर किसी भी अहतार्धारी शिक्षक को प्रोन्नति से वंचित नहीं रखने संबंधी सुझाव दिया है।

### सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। सहायक पुलिस के जवानों का आंदोलन मोरहाबादी मैदान में मंगलवार से शुरू हो गया। बारिश होने की वजह से कई जिले से आये सहायक पुलिसकर्मी अपने रहने के लिए टेंट बना रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले दो दिनों तक सहायक पुलिसकर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर विरोध किया। इसके बाद एक जुलाई को जिला के सहायक पुलिस कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहे। फिर मंगलवार (दो जुलाई) से आंदोलन शुरू कर दिया है। महिला-पुरुष सहायक पुलिसकर्मियों ने पेड़ के नीचे और टाइम्स स्क्वायर के नीचे समय गुजारा। फिर रात में बारिश से बचने के लिए टेंट बनाने का काम शुरू किया।

# एक्सट्रीम वेदर कंडिशंस से बिगड़े हालात

इस बार जैसा रंग दिखाया है मौसम ने, उसके बाद हमारी नींद खुल जानी चाहिए। क्लाइमेट चेंज के जिस खतरे को लेकर पिछले कई बरसों से पर्यावरण के जानकार और वैज्ञानिक आगाह कर रहे थे, वह अब सिर पर आ पहुंचा है। अगर इस बारे में कुछ न किया गया तो यहां से हालात बदतर ही होंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के तमाम दूसरे शहरों ने जून में ही मौसम के दो चरम झेल लिये। पहले जानलेवा गर्मी पड़ी। दिल्ली में जून का औसत अधिकतम तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके बाद एकसाथ इतनी बारिश हो गयी कि सारे इंतजाम पानी में बह गये। जान दोनों ने ली। अब यह सोचने वाली बात है कि जो शहर कुछ दिन पहले पानी की किल्लत से जूझ रहे थे, वे अचानक पानी में कैसे डूबने लगे? गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ना अब आम होता जा रहा है। अभी तक जून के जो चार महीने सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किये गये हैं, उनमें से तीन पिछले 13 बरसों में ही पड़ गये। हर साल ऐसा लगता है कि गर्मी पिछले बरस से अधिक पड़ रही है। सर्दियों का मौसम सिकुड़ता जा रहा है, जबकि बारिश अनियमित हो चली है। ये सारे संकेत डराने वाले हैं और साथ ही चेताने वाले भी।

**अगर बिगड़ते मौसम को संभालना है, तो कुछ कड़े कदम उठाने पड़ेंगे। हमारे महानगरों में नदियों-तालाबों पर तेजी से कब्जा हो रहा है। वेटलैंड पर बिल्डिंगें खड़ी की जा रहीं, जो नैचरल वॉटर रिचार्ज सिस्टम का काम करते हैं। इसको रोकना होगा।**

क्लाइमेट चेंज के मुद्दे पर हमें दो स्तरों पर काम करने की जरूरत है - पहला उपाय दीर्घकालिक हो और दूसरा फौरी। एक्शन प्लान और गाइडलाइंस पर काम करना होगा। आंध्र प्रदेश का उदाहरण ले सकते हैं, जहां हर साल हीटवेव से निपटने की सरकारी योजना बनती है। इसमें लॉन्ग टर्म के साथ शॉर्ट टर्म उपाय भी रखे जाते हैं, तुरंत राहत के रूप में उन लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिन्हें खुले में काम करना पड़ता है, जैसे श्रमिक, ट्रैफिक पुलिसकर्मी, रेहड़ी-पटरी दुकानदार। स्कूल, ऑफिस वगैरह के समय में बदलाव किया जाये। सार्वजनिक कूल शेल्टर बनाये जा सकते हैं, जहां वे लोग दोपहर में आराम कर सकें, जिनकी मजबूरी है बाहर निकलना। लोगों को अपने घरों की बाहरी दीवारों और छतों पर सफेद पेंट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे घर के भीतर गर्मी कम लगती है। अगर बिगड़ते मौसम को संभालना है, तो कुछ कड़े कदम उठाने पड़ेंगे। हमारे महानगरों में नदियों-तालाबों पर तेजी से कब्जा हो रहा है। वेटलैंड पर बिल्डिंगें खड़ी की जा रहीं, जो नैचरल वॉटर रिचार्ज सिस्टम का काम करते हैं। इसको रोकना होगा। हरियाली बढ़ानी होगी। सजावटी के बजाय नीम, पीपल, जामुन, आम जैसे पेड़ लगाये जायें। घरों के निर्माण में पुरानी शैली अपनायी जाये यानी मोटी और ऊंची दीवारें, पर्याप्त वेंटिलेशन। जड़ों की ओर लौटने और प्रकृति के सम्मान से ही इस मुसीबत से बचा जा सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमारे पूर्वजों के मानव जीवन और ब्रह्मांड के बारे में सत्य समझने के प्रयास में की तपस्या से प्राप्त ज्ञान के प्रकाश में इस पुण्य भूमि में समाज और जीवन प्रणाली का विकास हुआ जिसे हिंदू संस्कृति कहते हैं। हिंदुत्व का सृष्टि के संबंध में वैश्विक दृष्टिकोण गीता के दूसरे अध्याय में नारायण द्वारा अर्जुन को दिये सनातन ज्ञान सर्व खलु इदं ब्रह्म से स्पष्ट होता है। इस वैज्ञानिक सत्य की अनुभूति और खोज हमारे पूर्वजों ने ही की है। सनातन सत्य एक ही चेतना से इस विश्व ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई है से ही हमारी यह जीवन दृष्टि विकसित हुई है।**

# मानवीय मर्यादाओं के सृजन की आधार भूमि है हिंदू धर्म



सुखदेव वशिष्ठ

भारतीय जनमानस सत्यमेव जयते के अटल विश्वास से विश्व गुरू के सिंहासन पर भारत माता को बैठाकर प्राचीन वैभव की तरफ निरंतर बढ़ रहा है। हमारे पूर्वजों के मानव जीवन और ब्रह्मांड के बारे में सत्य समझने के प्रयास में की तपस्या से प्राप्त ज्ञान के प्रकाश में इस पुण्य भूमि में समाज और जीवन प्रणाली का विकास हुआ जिसे हिंदू संस्कृति कहते हैं। हिंदुत्व का सृष्टि के संबंध में वैश्विक दृष्टिकोण गीता के दूसरे अध्याय में नारायण द्वारा अर्जुन को दिये सनातन ज्ञान सर्व खलु इदं ब्रह्म से स्पष्ट होता है। इस वैज्ञानिक सत्य की अनुभूति और खोज हमारे पूर्वजों ने ही की है। सनातन सत्य एक ही चेतना से इस विश्व ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई है, से ही हमारी यह जीवन दृष्टि विकसित हुई है। हिन्दु जीवन दृष्टि को संक्षेप में परिभाषित करना हो तो यह एकात्म जीवन दृष्टि है। इसी कारण हिंदू मानस की स्वाभाविक कामना सरबत दा भला, सर्वे भवंतु सुखिनः, भवतु मंगलम, विश्व का कल्याण हो इन शब्दों में व्यक्त होती है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना हिन्दु जीवन दृष्टि को और अधिक परिभाषित करती है। प्रकृति को माता के रूप में अर्थात मातृत्व का भाव, स्वामीत्व का नहीं हिंदू जीवन दृष्टि की विशेषता है। इस से सभी में शोषण की जगह दोहन की दृष्टि विकसित होती है अर्थात मां का स्तनपान करने का अधिकार सभी को पर मां का रक्तपान करने का अधिकार किसी को नहीं है। जल, वायु, धरती, वनस्पति, फल-फूल आदि पर सभी का समान अधिकार है लेकिन जितना आवश्यक हो उतना ही उपयोग करना ताकि संयम, सादगी और त्याग पूर्वक उपभोग जीवन मूल्य बने।

**राहुल गांधी की बातों से साफ लगता है कि उनकी जीवन शैली हिंदू न होकर निश्चित ही पाश्चात्य जीवन शैली से प्रभावित है।**



**हिंदू अगर हिंसा करने वाला होता, तो अमरनाथ यात्रा में हजारों की संख्या में सुरक्षा के लिए जवान न तैनात होते। उनके द्वारा भगवान शिव के चित्र भी सदन में लहराये गये। राहुलजी भगवान शिव अभय दान ही नहीं देते, अपितु रौद्र रूप धारण कर तांडव भी करते हैं। आधुनिक दुनिया की मानवीय मयार्दाओं की आधार भूमि हिन्दु धर्म से ही सृजित होती है।**

मानव के सम्बन्ध में हिंदूत्व का वैश्विक दृष्टिकोण यही है कि मानव केवल भौतिक प्राणी नहीं अपितु ईश्वरीय अंश होने के कारण अमृत पुत्र है।चार तत्वों शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा के समुच्य से व्यक्ति बनता है। इसी प्रकार व्यक्ति कभी भी अकेल नहीं है, वह व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि एवं परमेष्टि इन सब के समाधान में ही सच्चा सुख प्राप्त कर सकता है। आत्मा की अमरता और पुनर्जन्म हिंदू जीवन प्रणाली का शाश्वत सत्य है। पश्चिमी जीवन प्रणाली की तरह पञ्च इंद्रियों से प्राप्त सुख हिंदू जीवन प्रणाली का लक्ष्य नहीं है। हमारी सनातन जीवन प्रणाली में चिरंतन सुख (मोक्ष) की प्राप्ति ही मानव जीवन का लक्ष्य है। व्यक्ति के समग्र विकास के लिये चार पुरूषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष ही आधार है। मनुष्य यदि प्रयास करे तो शरीर, मन, बुद्धि से परे होकर परम तत्व का साक्षात्कार कर सकता है।

प. पू.डॉ हेडगेवारजी के शब्दों में हमें नवीन कुछ नहीं करना है। हमारे पूर्वजों ने जिस प्रकार समाज और संस्कृति की सेवा की, जो ध्येय अपने सामने रखे और उनकी प्राप्ति के लिये दिन-रात प्रयत्न किये, उन्ही ध्येयों को उसी भांति हमें भी सिद्ध करना है। उनका अधूरा रहा कार्य पूरा कर राष्ट्र सेवा करनी है। महात्मा गाँधी के शब्दों में सत्य की निरंतर खोज का नाम ही हिंदुत्व है। परम पूजनीय सर संघचालक मोहन भागवतजी के शब्दों में योजनापूर्वक भगवान ने हमें हिन्दु बनाया। हिंदुत्व कि देखभाल करने के लिये, परंतु यह किसी का ठेका भी नहीं है। यह सतत, निरंतर,गतिमान सत्य की अनवरत खोज का नाम है। वह जिस परिस्थिति में रहता है उस परिस्थिति में परिस्थिति की क्षमतानुसार उसकी विवेकपूर्ण अभिव्यक्ति होती है। यह तो भारत वर्ष का प्राण तत्त्व है। इसी के आधार पर अपना देश विश्व गुरु बनेगा।

हिन्दु धर्म ज्ञान, विज्ञान, नित्यता, अनित्यता आदि समस्त भौतिक एवं अभौतिक बंधनों एवं सीमाओं से मुक्त है।यह एक जीवन शैली है, जिसे धारण करने वाला विश्व बंधुत्व की भावना से ओत-प्रोत रहता है। राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में कहा, जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वह चौबीसों घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत; असत्य, असत्य असत्य फैलाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा, नरेंद्र मोदीजी और आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। उन्हें हिंदू धर्म के बारे में ज्ञान ही नहीं है। कभी भी एक व्यक्ति हिंदू धर्म नहीं हो सकता। हिन्दुत्व एक जीवन शैली है, जिसे धारण करने वाला विश्व बंधुत्व की भावना से ओत प्रोत रहता है। हिंदू धर्म सनातन है और समुद्र की तरह शांत है। हिंदू अगर हिंसा करने वाला होता, तो अमरनाथ यात्रा में हजारों की संख्या में सुरक्षा के लिए जवान न तैनात होते। उनके द्वारा भगवान शिव के चित्र भी सदन में लहराये गये। राहुलजी भगवान शिव अभय दान ही नहीं देते अपितु रौद्र रूप धारण कर तांडव भी करते हैं। आधुनिक दुनिया की मानवीय मयार्दाओं की आधार भूमि हिन्दु धर्म से ही सृजित होती है। राहुल गांधी की बातों से साफ लगता है कि उनकी जीवन शैली हिंदू न होकर निश्चित ही पाश्चात्य जीवन शैली से प्रभावित है।

राहुल गांधी की प्रारंभिक शिक्षा पश्चिमी प्रतिमान के एडमॉन्ड राइस द्वारा स्थापित सैंट कोलंबा स्कूल दिल्ली में हुई उसके बाद 1981-1983 तक देहरादून में ब्रिटिश मॉडेल स्कूल पर आधारित और बंगाल के वकील सतीश रंजन दास द्वारा 1935 में स्थापित स्कूल में हुई। उसके बाद दादी इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सियासत में आये और सुरक्षा कारणों से उन्हे फ्लोरिडा विश्वविद्यालय से स्नातक होने तक घर पर रहकर ही पढ़ाई करनी पड़ी। निःसंदेह उनके परिवार की हत्या के चलते उन्होने बहुत कठिन परिस्थितियों में शिक्षा पूरी की होगी। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से उनके विचारों से निश्चित ही भारतीय प्रतिमानों से एन जुड़ पाने की कमी साफ झलकती है। एक बार उन्होंने विद्या भारती के स्कूलों से आंतकवादी पैदा होने संबंधी ब्यान भी दिया था। उनका किसी भारतीय प्रतिमान के शिक्षण संस्थान से पढ़ाई का अनुभव न होने की वजह से वह पाकिस्तान के मदरसे और विद्या भारती के विद्या मंदिरों का अंतर पता नहीं लगा होगा। फिर मंदिर में लड़की से छेड़छाड़ करने जाने संबंधी ब्यान भी अभी लोग भूले नहीं हैं कि हिंदू धर्म संबंधी नया ब्यान सामने आया है। इस तरीके का व्यवहार उन्हे गैर जिम्मेदार राजनीतिज्ञ के रूप में स्थापित कर रहा है।

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किए गए टिप्पणी के विरोध में देशभर के भाजपाइयों में आक्रोशित व्याप्त है। मंगलवार को सरायकेला खरसावां जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरायकेला गैरेज चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव ने इसे राहुल गांधी की ओछी मानसिकता बताते हुए अविलंब देश की जनता से माफी मांगने की अपील की। वही



भाजपा नेता गणेश महाली ने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता से माफी मांगे अन्यथा सड़क से लेकर सदन तक उनका विरोध किया जायेगा। मौके पर सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता मनोज कुमार चौधरी, राजा सिंहदेव, राकेश मिश्रा, बद्री दारोगा, राजकुमार सिंह, संजय सरदार, मनोज महतो, भोला महंती, बिद्या सागर दुबे, अजय नंदी, कमल नंदी, मनोरंजन नदी, कृष्णा राणा, मुकुन दास, प्रशांत साहू, राजू महाली, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डांटू सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ ग्रामीणों ने किया वन विभाग कार्यालय का घेराव

## ग्रामीण का आरोप मनगढ़ंत और बेबुनियाद : रेंजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** जंगली सुअर शिकार के आरोप में वन विभाग की टीम ने दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी से डांटू सिंह नामक ग्रामीण को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को दलमा वन क्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति के नेतृत में चांडिल,नीमडीह,पटमदा, एमजीएम और बोड़ाम प्रखंड के हजारों आदिवासी-मूलवासी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक हरवे-हथियार से लैस होकर मानगो स्थित वन विभाग के कार्यालय पहुचे। जहां ग्रामीणों ने कार्यालय का घेराव कर विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बिना शर्त के डांटू सिंह की रिहाई के मांग पर डटे रहे। ग्रामीणों के द्वारा प्रदर्शन के दौरान मानगो मुख्य सड़क में जाम की स्थिति बनी रही। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नीमडीह के जिला परिषद असित सिंह पात्र ने कहा डांटू सिंह निर्दोष हैं। उन्हें झूठे मामले में फसाया गया है।




जबतक उनकी रिहाई नहीं होती है ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर ग्रामीणों ने वन विभाग पर दलमा की तराई क्षेत्र में बसे ग्रामीणों को परेशान करने और दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के विकास के मद में सरकारी धनराशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा वन विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से दलमा क्षेत्र में सरकारी राजस्व का बंदरबांट होरहा है। ग्रामीण द्वारा विरोध करने पर उन्हें वन विभाग के अधिकारियों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। वहीं रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया मामला अब न्यायालय में लंबित है। विभागीय स्तर से जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपा जायेगा। ताकि उनकी रिहाई हो सके। वन विभाग का काम वनों और वन्य जीवों की रक्षा करना है। ग्रामीणों की परेशानी के लिए उन्हें वार्ता में बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आये। शक्ति प्रदर्शन कर विभाग पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी ग्रामीण को वन विभाग की ओर से परेशान नहीं किया गया। ग्रामीण का आरोप मनगढ़ंत और बेबुनियाद है।

### पोटका में नकली अंग्रेजी शराब की बिक्री पर लगे रोक : सूरज मंडल



**पोटका(आजाद सिपाही)। पोटका के जिप सदस्य सूरज मंडल ने पोटका में हो रहे गो तस्करी, अवैध कारोबार, नशीले पदार्थो की खुलेआम बिक्री पर चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने इस संबंध में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन देकर अविलंब रोक लगाने की मांग किया है। ज्ञापन में श्री मंडल ने कहा है कि पोटका में अवैध धंधा, गो तस्करी सहित अन्य धंधा जोरों पर है। जिससे समाज में बैमनस्यता बढ़ रही है। पोटका में गो तस्करी तथा प्रतिबंधित मांस का धंधा एक संवेदनशील मुद्दा है। इस धंधा में कभी भी सामाजिक एकता भंग होने की संभावना बनी रहती है। ड्रग्स, ब्राउन शुगर तथा गांजा, अफीम की खरीद बिक्री गिरोह सक्रिय है। सरकारी, अंग्रेजी शराब दुकानों में नकली शराब की बिक्री किया जा रहा है। इसके अलावा खास खास स्थानों पर नकली शराब भी बनाया जा रहा है। जुआ खेल तथा अवैध लॉटरी का धंधा भी बढ़ गया है। अवैध स्क्रैप टाल धड़ल्ले से चल रहा है। जिस कारण क्षेत्र में चोरी की घटना में बढ़ोतरी हो रही है।**

### भगवान बिरसा मुंडा सेवा समिति ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन

पोटका (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा सेवा समिति जादूगोड़ा का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को एक ज्ञापन देकर मांग किया है की जादूगोड़ा मोड़ चौक स्थित बिरसा मुंडा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना के लिए यूसिल प्रबंधन को निर्देशित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है की पांचवी अनुसूचित क्षेत्र अनुच्छेद 244(1) के तहद मौजा मेचुआ तथा ईचरा में जादूगोड़ा माइंस का स्थापना किया गया है। स्थानीय जन समस्याओं के प्रति यूसिल प्रबंधन बिल्कुल ही गंभीर नहीं है। समिति के द्वारा 9/9/23 तथा 8/2/24 को पत्र देकर यूसिल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। परंतु इस पर किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं किया गया।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा विजय संकल्प सभा का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा महानगर ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक जिले के 6 विधानसभा में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को भाजपा महानगर का एक बैठक बिस्टुपुर तुलसी भवन सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में मतदाता पुनरीक्षण, अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा, 'एक पेड़ मां के नाम अभियान', 6 जुलाई को पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को बूथ स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 20 जुलाई को रांची में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होने वाले वृहद कार्यसमिति की बैठक को लेकर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा और पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री व मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रदेश टोली के सदस्य नंदजी प्रसाद, विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू एवं जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य शामिल हुए। प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा कि आगामी 24 जुलाई तक मतदाताओं के पुनरीक्षण का अभियान में सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को होगा। उन्होंने कहा भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भागीदारी का निर्वहन करना होगा। उन्होंने सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक समस्त कार्यकर्ता और पदाधिकारी अधिक से अधिक नये मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए अपील की। वहीं कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा विजय संकल्प सभा आगामी 6 से 15 जुलाई तक प्रत्येक विधानसभा में आयोजित होगी। भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक वोट प्राप्त किये गए बूथ अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक मंडल से 6 बूथ एवं विधानसभा से 10 बूथों को शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा भाजपा राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन के हर कारनामों का खुलासा जनता के बीच करेगी। गठबंधन सरकार के सभी काले कारनामों और भ्रष्टाचार को एक-एक करके उजागर किया जायेगा। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा में बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तन्मयता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पार्टी द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रमों पर योजना बनाकर कार्य करें। रांची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में वृहद कार्यसमिति बैठक का आयोजन प्रस्तावित है। बैठक में जमशेदपुर लोकसभा के नेता व कार्यकर्ता भाग लेंगे।मंच संचालन अनिल मोदी व धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव ने किया। मौके पर ब्रह्मदेव नारायण शर्मा,चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह,गुंजन यादव, सरोज महापात्रा, कल्याणी शरण, कुलवंत सिंह बंटी, राजन सिंह, अनिल सिंह, जटाशंकर पांडेय, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह,अनिल मोदी, हराधन सिंह, बापटु साव, हिमांशु मिश्रा, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, मनोज राम, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, मणि मोहंती, धर्मेंद्र प्रसाद, मोहम्मद निसार, माला डे, साकेत अग्रवाल, मंडलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, बबलू गोप, अजय सिंह, हेमंत सिंह, दीपक झा, बिनोद राय, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी, राजेश सिंह, बरजंगी पांडेय, फातिमा शाहीन, अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बॉबी, संजय कुमार सिंह, रविन्द्र नाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन हन्नु, त्रिदेव चटराज, सुनील सिंह मुंडा, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, अमरदीप शर्मा, राहुल पांडेय, मुकेश भकत, दिलीप पोराण, विमल कालिंदी, तुषार कांति पातर, शतदल महतो, पुलक ज्ञातात, आशीष महापात्र, राजकुमार कर, बाघराय मार्डी, बेहुला नायक समेत अन्य मौजूद रहे।



## सांड को हथियार से मारकर घायल करने की घटना को एसपी ने सिरे से नकारा

# सामाजिक विद्वेष फैलाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा है कि सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा सांड को घायल करने की घटना को बढ़ा चढ़ा कर पोस्ट किया जा रहा है। जबकि घटना स्थल पर पहले से ही साढ़ घायलावस्था में बैठा था। साढ़ किसी अन्य पशु से लड़ाई कर कुछ दिन पूरे ही घायल हुआ था। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को चेतावनी दिया जा रहा है कि ऐसा पोस्ट कर सामाजिक विद्वेष नहीं फैलायें। अन्यथा वैसे लोगों पर कठोर कार्रवाई किया जायेगा। एसपी उक्त बातें पत्रकार वार्ता के दौरान बोल रहे थे।


एसपी ने सांढ़ को घायल करने की घटना का खुलासा करते हुए कहा कि पुलिस के अनुसंधान से यह पता चला है कि मझिआंव रोड स्थित अशोक सिनेमा हॉल के सामने जुलूस में शामिल लोग में से एक व्यक्ति वापस लौट रहा था, इसी दौरान दो लोगों के बीच मारपीट हुई थी। जिसके कारण करण कुमार के द्वारा सांढ़ को घायल करने की प्राथमिक दर्ज करायी गयी थी। जबकि अनुसंधान में यह पता चला कि उक्त सांढ़ गढ़देवी मोड़ पर किसी दूसरे पालतू पशु से लड़ने के दौरान घायल हुआ था। जिसका इलाज कराया गया है। डॉक्टर के रिपोर्ट के अनुसार वह सांढ़ 30 जून को जुलूस के दिन से 30, 34 घंटे पहले घायल हुआ था। बावजूद झगड़ा के कारण गोवंश को घायल होने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया था जो अनुसंधान के क्रम में झूठा पाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस मामले में कुछ लोग बड़ा-चढ़कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। ऐसे लोगों को मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि वह इस तरह का प्रयास कर सामाजिक विद्वेष नहीं फैलाएं अन्यथा उन पर कठोरतम कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस की ओर से पूरी नजर रखी जा रही है। कुछ लोगों को चिन्हित भी किया जा चुका है, जिन पर कार्रवाई किया जायेगा।

विदित हो कि अशोक सिनेमा हॉल के पास 30 जून की रात्रि एक समुदाय के लोगों के द्वारा सांढ़ को घायल करने की बात सामने आयी थी। जिसे लेकर शहर में सौहार्द बिगड़ रहा था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुसंधान किया तथा पुलिस का यह दावा है कि उक्त घटना पूरी तरह से झूठा है।

## मंत्री जी तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं : सत्येंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि पूरे गढ़वा रंका विधानसभा में भय का माहौल है। लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। लाचार हैं और इसके लिए अगर कोई उत्तरदायित्व है तो यहां के विधायक सह मंत्री। उन्होंने कहा कि आज यहां के विधायक सह मंत्री को बताना चाहिए क्यों आप गढ़वा में तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। क्या गढ़वा के सभी समाज चाहे चंद्रवंशी समाज हो या अल्पसंख्यक समाज दोनों ने बढ़-चढ़कर के आपके पक्ष में मतदान नहीं किया था। आज इस विषम परिस्थिति में आप



पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी

मुंह छुपा कर गढ़वा से बाहर हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री जी की जिम्मेवारी बनती है कि इस तरह के आपसी द्वेष को खत्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस दिन पहली बार मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि मासूम खान ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के पत्नी और उनके बच्चे और बच्ची के साथ सिर्फ इसलिए पटक पटक कर मारने का काम किया कि वह बेचारी अपना रेंट मांगने के लिए मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के दुकान पर गयी थी। उसी दिन अगर मिथिलेश ठाकुर अपराधी के पक्ष में खडा होकर कमपरमाइज के लिए बाध्य नहीं किया होता तो आज मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि विगत साढ़े चार साल से लोग दहशत में जीने को बाध्य नहीं होते। उन्होंने कहा है कि मेरे प्रतिनिधित्व कल में मैं भी 10 साल यहां का प्रतिनिधि रहा हूं। कोई गुंडा क्रिमिनल अपराधी मावली जमीन माफिया शहर की व्यवसाय की ओर तिरछी नजर देखने का दुस्साहस नहीं कर सका। चुकी मैं अधिकांश अपराधियों को उनकी असली जगह जो जेल है वहां रखवाने का काम किया। अपराधियो को प्रशासन के सहयोग से ठंढा कराने का काम किया। किंतु आज स्थिति ठीक विपरीत है। आज जमीन माफिया, अपराधी हावी हैं और लोग लाचार और बेबस हैं। अपराधी चाहे किसी जाति धर्म और मजहब का हो वह अपराधी है। उसके साथ प्रशासन को अपराधी की तरह ही व्यवहार करनी चाहिए। किंतु आज अधिकांश प्रशासनिक पदाधिकारी भी बेचारे लाचार नजर आते हैं।

## इग्नू में नामांकन व पंजीकरण की तिथि 15 जुलाई तक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। इग्नू पाठ्यक्रम में नामांकन तथा पंजीकरण की तिथि सत्र जुलाई 2024 के लिए 15 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। लिहाजा इग्नू में जुलाई 2024 सत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रम में नामांकन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन और पंजीकरण की तिथि जो 30 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अब ऑनलाइन नामांकन और पुनः पंजीकरण 15 जुलाई बढ़े हुए तिथि में कर सकते हैं। नामांकन के लिए इच्छुक शिक्षार्थी इग्नू की ऑफिशल वेबसाइट www. Ignou.ac.in पर जाकर ऑनलाइन नामांकन 15 जुलाई तक कर सकते हैं। यह जानकारी सूरत पांडे डिग्री कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार तिवारी ने दी है।

## डंडा प्रखंड में कोर कमेटी का गठन हुआ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के आवास स्थित कायालर्य में डंडा प्रखंड के कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें शिवनाथ चौधरी, उपेंद्र चौधरी, उपेंद्र ठाकुर, लवकुश गुप्ता, विपिन चौधरी, नरेश राम को कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। इसके उपरांत डंडा प्रखंड के अध्यक्ष पद पर शिवनारायण चौधरी, युवा प्रखंड अध्यक्ष पद पर नरेश राम, सचिव उपेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर, प्रधान महासचिव विपिन चौधरी, संगठन मंत्री लव कुश गुप्ता, का मनोनयन किया गया। जबकि डंडा पंचायत अध्यक्ष अमरेश चौधरी, महिला प्रकोष्ठ के पंचायत अध्यक्ष प्रमिला कुमारी और अन्य सभी पदों पर सर्व सहमति से लोगों को मनोनीत किया गया। इसके पश्चात पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के द्वारा पुष्प माला देकर और मिठाई खिलाकर सभी को बधाई दिया गया। मौके पर उपस्थित बाबुल सिंह, सुनील चंद्रवंशी अरविंद मिश्रा, नरेश राम, मंदीप यादव और अन्य उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने पीजीटी शिक्षक भर्ती परीक्षा में हुई धांधली पर निकाला मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में पीजीटी शिक्षक भर्ती परीक्षा में हुए धांधली को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ चिनियां मोड़ (काली स्थान) से रंका मोड़ तक मशाल जुलूस निकाला गया।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं के भविष्य को बेचने का काम किया है पीजीटी शिक्षक भर्ती परीक्षा में हुए धांधली का उच्च स्तरीय जांच होनी चाहीए। जिस तरह से झामुमो सरकार तानाशाह की तरह काम कर रही है आने वाले दिनों में जनता ऐसे पार्टी को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार बैठा है

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में युवाओं के अधिकारों को छीना जा रहा है जिस तरह से पीजीटी शिक्षक भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुआ है इससे यह साफ पता चलता है कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ युवाओं के भविष्य के साथ खेलने का काम किया है उन्होंने कहा कि झामुमो का वादा था हर वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार देंगे लेकिन सत्ता में आते ही सब भुल गये। बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवाओं के साथ छलावा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे भाजपा नेता गिरेंद्र पांडेय, बिनय चौबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी कैलाश कश्यप, ब्रजेश उपाध्याय, गौरी, रामशीष, संजय, अंजनी, उमेश, जयंत, शिवनारायण, मुन्ना सम्पुर्णानंद शुक्ला सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्य सरकार ने कोई विकास नहीं किया, सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है : डॉ एमएन खान




रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने जनता से किया वादा पूरा नहीं की। मंत्री मिथिलेश ठाकुर एक मगरूर और घमंडी व्यक्ति हैं। कोई विकास नहीं सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। उक्त बातें एआईएमआईएम के गढ़वा विधानसभा के प्रत्याशी सह झारखंड के प्रभारी डॉ० एम एन खान ने रंका प्रखंड कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने झारखंड सरकार और मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस विभाग के वे मंत्री हैं उस विभाग का विकास नगण्य है। यहां की जनता गरीबी और बेरोजगारी की दंस झेलने को मजबूर है। बेरोजगार युवा पलायन को विवश है। महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया गया। रंका प्रखण्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य की कमी है। यहां सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर व्याप्त है। यहां बालू के अभाव में अबुआ आवास और सिचाई कूप निर्माण का कार्य बाधित है। उन्होंने कहा कि जनता मंत्री से दूर होते जा रही है। इसका फायदा आने वाले समय में एआईएमआईएम उठाएगी और जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आज से मंत्री के पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया है और आगामी 15 जुलाई से पूरे विधानसभा में रथ घुमाया जाएगा और पोल खोला जायेगा। इस मौके पर रंका प्रखण्ड अध्यक्ष इब्रान अंसारी, जिला मिडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, जिला सचिव इस्लाम अंसारी, युवा सचिव कमेश कुमार, कोषाध्यक्ष आरिफ अंसारी, प्रखंड सचिव इसरार अंसारी, प्रखंड कोषाध्यक्ष जहांगीर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बेल्जियम शेफर्ड प्रजाति की मादा श्वान अमली के निधन पर सीआरपीएफ में शोक

श्वान अमली विस्फोटक सामग्री का पता लगाने और पैदल गस्त करने में निपुण थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 172 बटालियन सीआर पीएफ गढ़वा झारखंड में पदस्थ किये गये वेल्जियम शेफर्ड प्रजाति के श्वान अमली का सोमवार को रात्रि 21:40 बजे बृद्धावस्था के कारण निधन हो गया। श्वान अमली का जन्म दिनांक 13/05/2012 को हुआ था। अमली ने अपने जीवन काल के कुल 12 वर्ष 01 माह 18 दिन व्यतीत किये। श्वान अमली ने अपना बुनियादी प्रशिक्षण डी.बी. एंड टी.एस. तरालू, बंगलौर में पूर्ण किया। बुनियादी प्रशिक्षण के उपरान्त श्वान अमली ने 172 बटालियन में 10/05/2014 से अपनी सेवा प्रारंभ की और अंत समय तक 172 बटालियन सीआरपीएफ में सेवारत रही। श्वान अमली विस्फोटक सामग्री का पता लगाने और पैदल गस्त करने में निपुण थी। श्वान अमली 21/05/2022 को सक्रिय कार्य से सेवानिवृत्त हो चुकी थी। उसकी मृत्यु पर बटालियन के अमरेंद्र कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और तदोपरान्त बटालियन के कुलदीप कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, यू.आर. रामेश्वरम, उप कमांडेंट, अधीनस्थ अधिकारी और अन्य जवानों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02 / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–02.07.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/24/23-24 | विश्रामपुर | 1 | कलटु मोड से मुरमा कला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.50कि0मी0 | 1196.026 | ग्यारह करोड़ छियान्बे लाख दो हजार छः सौ रू0 मात्रे | 15 माह | प्रथम |
| | | विश्रामपुर | 2 | कौड़िया से तमदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | विश्रामपुर | 3 | विश्रामपुर से कौड़िया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | विश्रामपुर | 4 | गुवासराय से जमारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 09.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 23.07.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.07.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 328418 Rural Development(24-25)D

## मनरेगा कर्मियों के सामूहिक अवकाश पर जाने से विकास कार्य बाधित

मझिआंव (आजाद सिपाही)। मनरेगा कर्मियों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने के कारण प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा से संबंधित चल रहे सभी विकास कार्य बाधित हो गये हैं। मंगलवार को प्रखंड दिवस के अवसर पर कार्यालय में दूर दराज गांवों से आये ग्रामीण मनरेगा बीपीओ, जेई, पंचायत सचिव आदि के चेंबर में ताला बंद देख मायूस होकर वापस लौट गये। विदित हो कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वाधान में सेवा स्थाईकरण और वेतनमान मांग की पूर्ति हेतु 2 जुलाई को वादा निभाओ कार्यक्रम के तहत पदयात्रा और मुख्यमंत्री का आवास घेराव हेतु सभी मनरेगा कर्मी सामूहिक अवकाश पर रांची चले गये हैं। जिसके कारण 2 जुलाई को प्रखंड कार्यालय में मनरेगा से संबंधित सभी विकास कार्य बाधित हुआ।

## पहली बरसात में ही पुल का स्लैब धंसा



धंसा हुआ पुल दिखाते ऑटो चालक रमेश यादव

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के इंदिरा गांधी चौक से पर्रो कैंप होते सुदूरवर्ती कुरुण गांव के सपही नदी तक निमार्णाधीन सड़क में घटिया निर्माण कार्य का पोल पहले ही बरसात में खुल गया। लगभग बीस करोड़ के लागत से दुबे कंस्ट्रक्शन के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन पीसीसी और कालीकरण रोड में कुरुण पर्रो के बीच अरार मोड़ के पास पहली बरसात में ही पुल का स्लेप धस गया।

## विधायक ने विद्यालय का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड के मध्य विद्यालय बहीयार खूर्द को उच्च विद्यालय का दर्जा मिलने पर मंगलवार को विधायक भानुप्रताप शाही ने फीता काट कर उच्च विद्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर भानुप्रताप शाही ने कहा कि हमारा प्रयास रहा है कि लोगों को शिक्षा सुलभ हो। बहीयार खूर्द साहित आस पास के ग्रामीणों को लाभ होगा। ग्रामीणों और छात्रओं के द्वारा हमेशा हाई स्कूल की मांग किया जा रहा था। काफी संघर्ष के बाद विद्यालय को हाई स्कूल का दर्जा दिलाने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों मे पांच करोड़ की लागत से विद्यालय का भवन भी बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास से बुल्का, टंडवा, बरहीया और भागोडीह के मध्य विद्यालय पहले ही अपग्रेड होकर उच्च विद्यालय का दर्जा प्राप्त कर चुके है। अब बहीयार खूर्द को उच्च विद्यालय का दर्जा मिला है। बहीयार खूर्द के साथ साथ बहीयार कला, सपही, बजनवा चमर बहीयारी आदी गांवो के बच्चो को अब रमना या श्री बंशीधर नगर जाकर हाई स्कूल की पढ़ाई करने का बोझ नही उठाना पड़ेगा। गांवा में ही बेहतर शिक्षा व्यवस्था होने से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा में निखार होगा। समाज, गांव और देश आत्मनिर्भर बनेगा। कार्यक्रम को प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया सोनी देवी, भाजपा नेता भगत दयानंद यादव सहीत कई लोगो ने संबोधित किया। इसके पहले विद्यालय परिवार के द्वारा विधायक भानुप्रताप शाही व अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर संम्मानित किया। इस अवसर पर सीओ बासुदेव राय, थाना प्रभारी असफाक आलम, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी, धनंजय कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, अमीत प्रकाश सहीत कई लोग उपस्थित थे।

Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
OFFICE OF THE PROJECT MANAGER
SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT
AT & P.O. –SIKIDIRI-835219,DIST. RANCHI (JHARKHAND)

EMERGENT SHORT TENDER NOTICE

Sealed Tenders are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd. under Single Stage Single Bid System from reputed, experienced and financially sound firms/agencies/contractor for the following works on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03/PR/JUUNL/ 2024-25 | Adjusting of guide bearing clearance of TGB, LGB & UGB at PH-II , SRHP, Sikidiri. | Rs. 2,900 /- | Rs.500 /- |
| 2. | 04/PR/JUUNL/ 2024-25 | Manpower assistance in mechanical maintenance during annual shutdown 2024 in PH-I. | Rs.2,600 /- | Rs.500 /- |
| 3. | 05/PR/JUUNL/ 2024-25 | Manpower assistance in mechanical maintenance during annual shutdown 2024 in PH-II. | Rs. 2,600 /- | Rs. 500 /- |
| End Date and Time of sale of BOQ | | | 11.07.2024 Up to 04.00 PM | |
| End Date and time of Submission of BID | | | 12.07.2024 Up to 03.00 PM | |
| Date and time of Opening of Techno-commercial bid | | | 12.07.2024 Up to 04.00 PM | |
| Date and time of Opening of financial BID | | | Will be communicated later | |
| Work Officer address for communication | | | Project Manager, SRHP, Sikidiri - 835219 | |
| Contact No. | | | 9431707312 | |

- Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.
- Cost of tender Document (Cash or DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Payable at Ranchi.
- Tender must be accompanied with earnest Money, Tender technical & Price Part. Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase / submission of tender documents shall be entertained.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of sale / submission / opening tender/distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- For any clarification please contact phone no. **9431707312** during office hours.
- The tender will be submitted in the office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri.
- **Other terms and conditions of Tender is available on this office Notice Board.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 328431 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25).D

## मुखिया के चचेरे भाई की मेडिका में हुई मौत



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत मुखिया मुंगा साह के चचेरे भाई रामनंदन शाह उम्र 55 वर्ष 2 महीने से बीमारी से ग्रसित थे। वहीं बेहतर इलाज के लिए रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जो इलाज के दौरान ही उनका मौत हो गया। खबर सुनते ही पैतृक गांव ताली में मातम छा गया। मुखिया मुंगा साह ने कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले मेरे भाई रामानंद साह इस दुनिया में अब नहीं रहे। जो की काफी मिलनसार व्यक्ति थे और हमेशा मुझे पंचायत में लोगों के प्रति सोचते थे। वहीं उनका अंतिम संस्कार पंडा नदी मुक्ति धाम पर किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल रहे।

# सभी बैंक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें : डीसी

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति और जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति और जिला परामर्शदात्री समिति के चतुर्थ त्रैमासिक (2023-24) की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी, जिसके उपरांत उन्होंने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2023-24, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना, आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं और विषयों को लेकर गहन समीक्षा किया। बैठक में बैंकों को अच्छे प्रदर्शन करने को कहा गया और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गयी कि गढ़वा जिले के 189 पंचायतों में सरकार के 1जीपी-1बीसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में स्वयं सहायता समूह के चयनित और प्रशिक्षित सदस्य को बीसी प्वाइंट का अधिष्ठापन कराया जाना है। जिले में ऐसे 186 एसएचजी के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उक्त सभी बीसी सखी को पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोलने के लिए सभी बैंक को सहयोग करने हेतु निदेशित किया गया, जिससे पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोला जा सके। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उपायुक्त श्री जमुआर ने बैंकों को आगे आकर माइक्रो फिनांस करने का भी अपील किया। उपायुक्त ने केसीसी और पीएम किसान को लेकर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न बैंकों और शाखाओं को पीएम किसान के लंबित आवेदन को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करते हुए इसका पूर्णतः लाभ लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एनुअल एक्टिविटी रिपोर्ट 2023-24 RSETI (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा) के पुस्तिका का विमोचन भी उपायुक्त द्वारा किया गया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, माननीय सांसद पलामू और विश्रामपुर विधायक के प्रतिनिधि समेत डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक एके मांझी एवं एसके रंजन, आरसेटी प्रभारी इंदु भूषण लाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशिल दास, सभी बैंकों के प्रतिनिधि, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतनेवाले डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई : डीसी




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सलाहकार समिति और अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला सलाहकार समिति की बैठक में कई प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें मुख्य रूप से सदर अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन का अधिष्ठापन, कैंटीन का निर्माण, पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की खरीदारी, वेटिंग एरिया निर्माण समेत अन्य प्रस्ताव पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने प्रस्तवों के क्रियान्वयन को लेकर रेट का निर्धारण करने, कॉन्ट्रैक्ट और टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की सहायता से मरीजों को एक्स-रे कराने कें लिए कही भी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।।अस्पताल प्रबंधन की बेठक में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश डीसी नें दिया। उन्होंने नियमित रूप से वार्डो में लगे बेड की बेडशीट बदलने का निर्देश दिया। बैठक में सीएचसी केंद्रों पर मरीजों का अच्छा से इलाज हो और प्रतिनियुक्त डॉक्टर समय पर सीएचसी केंद्र पर मौजूद रहें, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी या चिकित्सक अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर नही बैठते है, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। सीएचसी केंद्रों पर मरीजों को बेवजह रेफरल करने को लेकर उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि बेवजह मरीजों को रेफरल न करें,, उनका उचित इलाज यदि सीएचसी स्तर पर संभव है, तो उनका इलाज प्राथमिकता के आधार पर करें। बैठक में उपायुक्त ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एंपेनल्ड अस्पतालों में बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने को कहा।

## योजनाओं के लिए ससमय भू-अर्जन कर उसका भुगतान करें: लोकेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में भू अर्जन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भू अर्जन से जुड़े मामलों पर गहनता से चर्चा हुई। जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी साझा की गई। उपायुक्त ने नॉलेज सिटी परियोजना, न्यू पिस्का लोधमा रेलवे लाइन, मुरहू तपकरा तोरपा पथ चौड़ीकरण, अड़की बिरबांकी कोचांग पथ का पुनर्निर्माण, भूत, हुटार-लोधमा नगड़ी पथ चौड़ीकरण, आमरेश्वर धाम (बिचना मोड़) से तुपुदाना, भाया जुरदाग पथ का पुनर्निर्माण कार्य समेत अन्य परियोजना एवं कार्यों को लेकर किए जा रहे भू अर्जन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने भू अर्जन करने और ससमय मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। कुछ मामलों में उक्त प्रक्रिया को लेकर ग्राम सभा कराने में आ रही समस्या पर उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी को क्षेत्र में समन्वय स्थापित कर ग्राम सभा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अब तक कितने लैंड ट्रांसफर हुए और कितना शेष है इसकी भी जानकारी ली गयी। उपायुक्त ने समय सीमा का निर्धारण करते हुए लैंड ट्रांसफर प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खूंटी में बनेगा ब्रह्म विद्या विहंगम योग का साधना केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग खूंटी जिला का विशेष सत्संग कार्यक्रम का आयोजन मगलवार को किया गया। सत्संग में झारखंड प्रदेश के विहंगम योग संत समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महामंत्री ललित सिंह, प्रचार मंत्री अखिलेश शर्मा उपस्थित थे। बताया गया कि स्वामीजी का आगमन 22-23 अगस्त 2024 रांची में होगा, जहां उनका भव्य स्वागत होगा। इसमें खूंटी के लोग भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे। खूंटी जिला कमेटी का भी विस्तार किया गया। सद्गुरु आश्रम वाराणसी से स्वीकृति पत्र के आधार पर स्वामी जी द्वारा जितेंद्र कश्यप को प्रधान संयोजक बनाया गया। बिरशु सिंह को परामर्शक, संहदन प्रधान को जिला संयोजक, भोंज नाग को सह संयोजक, पंकज कुमार जायसवाल को सह संयोजक बेरनादेत टूटी मातृशक्ति प्रभारी, नीरा हसा, मातृशक्ति सह प्रभारी अन्न प्रभारी खुदेश्वर भगत, पत्रिका प्रभारी विश्वनाथ प्रमाणिक, अनिल सोनी, गौ सेवा, प्रमुख युवा शक्ति प्रभारी सजित मिश्र, सह प्रभारी सुजीत कुमार गुप्ता को दायित्व सौंपा गयां मातृशक्ति प्रभारी और मातृ शक्ति सह प्रभारी को खूंटी प्रखंड की उप प्रमुख शांति देवी ने माला पहना कर सम्मानित कियां प्रधान संयोजक जितेंद्र कश्यप ने कहा कि खूंटी जिले में भी अविलंब साधना केंद्र का निर्माण किया जायेगा। इसका कार्य अब प्रारंभ हो चुका है।

## 25 जुलाई को होगा एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन: निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि एक जुलाइ 2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए राज्य में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरणों प्रि रिविजन एक्टिविटी एंड रिविजन एक्टिविटी होगी। प्रि रिविजन गतिविधियों के लिए 24 जुलाई तक की अवधि निर्धारित है। 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा। रिविजन गतिविधियों के लिए 25 जुलाई से 20 अगस्त तक की अवधि निर्धारित है। 20 अगस्त को एकीकृत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान स्पेशल अभियान दिवस 27 और जुलाई, तथा तीन और चार अगस्त को निर्धारित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराए। वहीं नए फॉर्म जेनरेशन, मतदाता सूची में सुधार, एएसडी वोटर्स, ब्लैक वाइट फोटो बदलने समेत अन्य कार्यों को निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप करने का निर्देश दिया गया।

बीएलओ के साथ सुपरवाइजर को अनिवार्य रूप से टैग करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन कें लिए सभी को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के अंदर कार्य करने का निदेश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सदियों से चल रही है माता-पिता को वस्त्र उपहार देकर सम्मानित करने की परंपरा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** वैसे तो झारखंड में कई तरह की अनूठी परंपराएं सदियों से चली आ रही हैं, हालांकि लोगों को इस बात की जानकारी नहीं है कि एसी परंपरा कब से चल रही है और इसका इतिहास क्या है, पर लोग उस परंपरा को आज भी मानते आ रहे हैं। इन्हीं परंपराओं में एक है विवाहिता बेटियों द्वारा अपने माता-पिता को वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित करने और उनका आशीर्वाद लेने की परंपरा। हालांकि न इस परंपरा का कोई नाम है और न इसको मनाने की परंपरा। मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला गांव के ग्राम अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो बताते हैं कि वे भी बचपन से ही इस प्रथा को देखते आये हैं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा हर दस-15 साल के अंतराल में मनाया जाता है। इसकी शुरूआत रांची जिले बेड़ो प्रखंड से होती है। समाज की विभिन्न जातियों द्वारा इस परंपरा का निर्वाह किया जाता है। उन्होंने बताया कि लगभग दस वर्षों के बाद खूंटी जिले में इस प्रथा को न्भिाया जा रहा है। अलग-अलग गांवों दो महीने तक अलग-अलग दिनों में बेटियां अपने माता-पिता को वस्त्र, उपहार आदि देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राजा कुंजला गांव में जिस दिन देवी पूजा होती है, उसी दिन बेटियां गांव आकर अपने मात-पिता को सम्मानित करते हैं। गांव मंगलवार को ग्राम देवी की पूजा हुई, इसलिए आज गांव की सभी बेटियां गांव आई हैं और माता-पिता का आशीर्वाद ले रही हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की बैठक लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवास में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गयी। जिला अध्यक्ष ने सभी कमेटी के पदाधिकारियों और चुनाव में साथ रहे सभी वरिष्ठ कार्यकताओं को जीत की बधाई दी। समीक्षा बैठक में समीक्षा कार्यसमिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू उपस्थित थे। उन्होंने एक-एक कर सभी प्रखंड अध्यक्षों, प्रकोष्ठ के अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। बैठक में सिमडेगा, तमाड, मुरहू, खूंटी, कर्रा, तोरपा, रनिया के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि इस चुनाव में जो कमी रह गयी है, उसे विधाननसभा चुनाव में दूर किया जायेगा। बैठक में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार, सुलतान अहमद, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, पीटर मुंडू, नईमुद्दीन खान, जयसिंह नाग, रविकांत मिश्रा, पांडेया मुंडा, विल्सन बोदरा, जुलियस कंडुलना,सुशील सांगा, जेम्स तोपनो, पौलुस पूर्ति, धर्मदास कंडीर, मीनाक्षी तोपनो, सुनीता गोप, सुषमा भेंगरा, पौल भेंगरा, जोन कंडुलना, संजीव परधिया, अजय गुप्ता, फुलचंद टूटी, मंगतराय मुंडा, रोम्बा गुड़िया, शांता खाखा आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

### मतदान केंद्रों की स्थिति पर हुई चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

> मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा को लेकर चर्चा की गयी।

**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोश कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के खलारी प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाले मतदान केंद्रों के भवन की स्थिति/स्थल परिवर्तन, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान कुल 4 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन पर सभी के द्वारा सहमति व्यक्त की गयी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्ताव उपलब्ध करवाया गया। बैठक में अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस साबीर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शैलेंद्र शर्मा, कार्तिक कुमार पांडेय, अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष मो. कलीम रजवी, एहसान अंसारी, शंभू दास, हैदर खान, चितरंजन सिंह, गौरव सिंह उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा में पेंटिंग प्रतियोगिता के सफल बच्चों को किया गया सम्मानित




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा कराये गये पेंटिंग प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को सीसीएल द्वारा पुरस्कृत किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को स्कुल प्रागंण मे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चो को सम्मानित किया गया। स्कुल की प्राचार्य डॉ आर चौधरी सहित शिक्षको ने सभी बच्चो को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्य डॉ आर चौधरी ने कहा बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। इस प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा तृतीय से लेकर बारहवीं तक के कुल 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें प्रत्येक कक्षा के पांच बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के प्रतियोगिता में भी बच्चों को बढ़-चढ़कर भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। इससे बच्चों का भी उत्साह बढ़ता है। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य डॉ आर चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद, एसके पांडेय, एपी द्विवेदी सहित कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

### ईचागढ़ विधानसभा सीट में दर्जन भर से अधिक उम्मीदवार होने की संभावना

## किसी भी उम्मीदवार के लिए विस चुनाव जीतना नहीं होगा आसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** विधानसभा चुनाव इस बार किसी भी पार्टी के लिए जीतना आसान नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के बाद सभी राजनीतिक दल विधानसभा चुनाव में जुट गये हैं। सभी दल अपने स्तर से कार्यकर्ता तथा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए एकजुट हो गये हैं। जयराम महतो के जेबीकेएसएस पार्टी झारखंड की राजनीति में अचानक भागीदारी होने से अन्य राजनीतिक दलों में बैचनी हो गयी है।

सभी राजनीतिक दल के नेता दिन रात मेहनत कर रहे है, परंतु किस पार्टी सर टिकट किसे मिलेगा, अभी कहना मुश्किल होगा। लोकसभा चुनाव 2024 में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार संजय सेठ को 96724 मत, इंडिया गठबंधन उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को 58784 मत और पहली बार चुनाव लड़ रहे जेबीकेएसएस समर्पित उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो को 38564 मत प्राप्त हुआ था। वर्तमान समय में दर्जन भर से ज्यादा लोग टिकट की रेस में है और दिन रात क्षेत्र में घूम कर आम जनताओं के सेवा में लगे हुए है। जेबीकेएसएस से गोपेश महतो, तरुण महतो, राकेश रंजन महतो, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सुनील महतो आदि टिकट की रेस में आगे है।

झामुमो से सबिता महतो और सुकराम हेंब्रोम तथा भाजपा से पूर्व विधायक साधुचरण महतो के पत्नी सारथी महतो, बिनोद राय और पूर्व विधायक मालखान सिंह, तथा आजसू पार्टी से हरेलाल महतो टिकट की रेस में आगे है।

हालांकि यदि झामुमो और कांग्रेस का गठबंधन होगी तो वर्त्तमान विधायक सबिता महतो का टिकट मिलना तय है। आजसू और भाजपा में गठबंधन होती है तो टिकट किसे मिलेगा अभी कहना नामुमकिन होगा। सामजसेवी खगेन महतो भी प्रतिदिन क्षेत्र में घूमते है और विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गये है।

**2019 में झामुमो से सबिता महतो हुई थी विजयी :** 2019 में ईचागढ़ विधानसभा सीट से कुल 31 उम्मीदवार अपना किस्मत आजमाए थे। परंतु चुनाव में काफी रोमांचक मुकाबला हुई जिसमें झामुमो के उम्मीदवार सबिता महतो को 57547 मत, आजसू पार्टी के उम्मीदवार हरेलाल महतो को 38836 मत, भाजपा के उम्मीदवार स्व साधुचरण महतो को 38485 मत तथा निर्दलीय उम्मीदवार अरविन्द सिंह उर्फ मालखान सिंह को 32206 मत प्राप्त हुआ था।

18710 मतों से झामुमो के उम्मीदवार सबिता महतो विजयी प्राप्त की थी। इस बार का चुनाव काफी रोमांचक होने की संभावना है। किसी भी प्रत्याशी या दलों के लिए जीत आसान नहीं होगा।बहुत सारे क्षेत्रीय दल भी इस बार चुनाव लड़ेगी तो इस बार की चुनाव में आंकड़ा काफी उल्ट फेर होने की संभावना है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पिपरवार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रबंधन ने स्कूलों को दी स्वच्छता सामग्री



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्कूलों में स्वच्छता सामग्री का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसी पिपरवार और बचरा हाई स्कूल में फलदार पौधा का वितरण किया गया। वहीं जुट बैग और डस्टबीन का भी वितरण किया गया। पिपरवार एरिया के कार्मिक प्रबंधक उज्जवल कुमार ने उक्त दोनो स्कुल जाकर स्कूल के शिक्षक और बच्चों के बीच स्वच्छता सामानों का वितरण कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस संबंध में कार्मिक प्रबंधक उज्जवल कुमार ने बताया कि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रबंधन के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी के तहत प्रबंधन के निर्देश पर क्षेत्र के स्कूलों में स्वच्छता सामग्री का वितरण किया जा रहा है,साथ ही स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

### पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान



**तमाड़/रडगाव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड में पानी की किल्लतों का सामना हर गांव वालो को करना पड़ता है, तो वही हर घर जल नल योजना के ठेकेदार अपने मन मानी करने में लगे हुए हैं, लाखों की योजनाओं से बना 8000 लीटर की टंकी मगर जारगो पंचायत के बुरुडीह गांव में किसी एक घर में भी पानी नहीं पहुंचा ग्रामीणों की शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रहा, है गांव में पानी की लीकेज हो रही है पर बनाने वाला कोई नहीं, 5 वर्ष की गारंटी वाली योजना 5 महीना नही नहीं चल रही है,गांव में पाइप लाईन जमीन से 4,5 इंच गड्ढा खोद के डाला हुआ है जिससे पाईप हर जगह फट रही है।बहुत सा बोरिंग में पानी ही नहीं निकल रहा है, सरकार की योजनाओं का लाभ से जनता को लाभ कम परेशानी ज्यादा हो रही है।

### ईचागढ़ में आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी द्वारा राज्य के सभी प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय तथा निकाय कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो के नेतृत्व में कार्यालय में आजसू कार्यकताओं ने एक दिवसीय हल्ला बोल प्रदर्शन किया। वहीं, बीडीओ को 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, कमी अन्य उपस्थित हुए। आजसू महासचिव हरेलाल महतो ने अपने संबोधन में सवाल खड़ा करते हुए कहा कि चांडिल डैम के विस्थापितों का 60 करोड़ मुआवजा और विस्थापन आयोग कहां है। दो वर्ष से 60 करोड़ मुआवजा देने की बात कही जा रही हैं लेकिन वह राशि कहां है, विस्थापितों को क्यों नहीं मिला। गौरी लायक, जीतू महतो, तुलसी महतो, किरीटी महतो, शिवचरण महतो, श्रीकांत महतो, तपन उरांव, लक्ष्मीकांत कुम्हार, निर्मल गोराई, दुर्गा गोप, गुरुचरण महतो, अक्षय महतो, बीरबल गोप, कल्याणी महतो, मंगली तंतुबाई, उमा देवी, प्रताप मांझी, गोपाल प्रमाणिक, सीमंत सिंह, देबू गोराई आदि मौजूद थे।

### तमाड़ स्टैंड चौक पर बाजार के दिन लग रहा जाम

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ खुटी पथ पर तमाड़ स्टैंड चौक पर तमाड़ बाजार के दिन मंगलवार व शनिवार को जाम लग जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। लोग मोटरसाइकिल सकुटी सहित चार चक्का गाड़ी सड़क के किनारे लगा कर बाजार करने चले जाते हैं । लकड़ी का बाजार भी सड़क पर ही लगती है। सड़क के किनारे छोटी-छोटी दुकानें लगाई जाती है। पुलिस प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देती है इसी जगह पर बस पड़ाव है टेम्पो स्टैंड भी है जिससे हर समय जाम लगा रहता है। यहां अक्सर दुर्घटना होती है की जान गयी है। ठोकर वगैरह भी नहीं है। बड़ी स्पीड से गाड़ियां चलती है स्ट्रीट लाइट लगनें के बाद एक दिन नहीं जली यहां के जनप्रतिनिधि इस समस्या से वाकिफ हैं। लेकिन इसका निजात नहीं निकल रहें हैं।

### खूंटी में छह जुलाई को लगेगा आम उत्सव-सह-बागवानी मेला

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा खूंटी जिले में आम उत्पादन को बढ़ावा देने, कृषकों को बाजार उपलब्ध कराने और कृषकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सौजन्य से छह जुलाई शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे से कचहरी मैदान, खूंटी में आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का आयोजन किया जायेगा। गया है। आम उत्सव-सह-बागवानी मेला में विभिन्न प्रजाति के आम और इसके उत्पाद की प्रदर्शनी-बिक्री के लिए स्टॉल लगाया जायेगा। मेला में भाग लेने के इच्छुक कृषक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय, जेएसएलपीएस कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय से संपर्क कर इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### नये केंद्रीय अस्पताल सीएमओ से की मुलाकात



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोलियरी मजदूर काग्रेस के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शेख वकील अहमद ने मंगलवार को सीसीएल एनके क्षेत्र के पुरनाडीह परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होने स्थानीय रैयत विस्थापित नेताओं सहित अन्य प्रभावित लोगों से मुलाकात कर खदान विस्तारीकरण को लेकर सभी के सकारात्मक सोच पर अपने यूनियन की ओर से उन्हें तथा परियोजना प्रबंधन को बधाई दी। इसके बाद वे एनके एरिया केंद्रीय अस्पताल डकरा भी गए। जहां उन्होने नए पदभार ग्रहण किए मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ प्रभा कुमारी उन्हे बधाई दी। इस क्रम में शेख वकील अहमद ने कहा कि डॉ प्रभा जी एक अनुभवी और गंभीर चिकित्सक हैं, उनके अनुभव का लाभ सीसीएल कर्मचारियों तथा अन्य जरूरतमंद लोगों को मिलेगा।

# भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान 'हिंदू' के खिलाफ दिए गये बयान को लेकर पूरे देश के हिंदुओं में रोष देखी जा रही है। इसी वक्तव्य से आक्रोशित भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का कांके चौक पर पुतला दहन किया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि हिन्दू धर्म मे कभी भी किसी दूसरे धर्म,जाति या संस्कृति पर आक्रमण नहीं किया है और हिन्दू कभी हिंसक नहीं होता है। हिन्दूओं के धार्मिक अनुष्ठान में नारा लगाया जाता है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों मे सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो। सभी प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण की बात करने वाले हिन्दू कभी अराजक और हिंसक नही हो सकता है। अगर हिन्दू हिंसक होते तो आज पूरी दुनियां में दूसरे धर्म का उदय ही नही होता।

पुतला दहन कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अर्जुन राम, कैलु यादव, निरंजन कुमार,अशोक कुमार,विकास महतो,हिमांशु राय,शिव मुंडा, सुभम तिर्की,आकाश तिवारी, अशोक करमाली,रवि शंकर सिंह, विवके लोहार,कमल तारा साहु सोनू साहु,रमेश साहु सहित अन्य उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के बयान को लेकर रातू में पुतला दहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर दिये गए बयान को लेकर बुधवार को भाजपाइयों ने जमकर विरोध किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गाधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इससे पूर्व राहुल गांधी का पुतला बनाकर ब्लॉक परिसर से काठी टांड तक पैदल मार्च किया गया। काठीटांड चौक पहुंचने के उपरांत कोंग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने जो हिंदुओं को लेकर बयान दिया है, वो देश और हिंदुत्व विरोध है। भाजपाइयों ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम में कामेश्वर महतो, रूपेश गोप, देवेन्द्र सिंह, शिवपूजन साहू, सुबोध साहू, जेम्स बांड खलखो, अमित गोप, मुखेश भगत, भगत, प्रदीप टोप्पो, सुनील गोप, बलराम गोप, अनिल, अजय, रामाधीर तिवारी, सुरेंद्र, संजय, संजय उरांव के अलावा दर्जनो लोग मौजूद थे।

## विहिप और बजरंग दल ने जलाया सांसद का पुतला



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** संसद में हिंदुओं को हिंसक कहे जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने संयुक्त रूप से मंगलवार को महावीर चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व विहिप के अध्यक्ष शशि गोप के नेतृत्व में देवी मंडप चौक से जुलूस निकाला। इस दौरान हिंदू संगठनों ने राहुल गांधी मुदार्बाद, राहुल गांधी होश में आओ नारे लगा रहे थे। विहिप के अध्यक्ष शशि गोप ने कहा की हिंदू समाज सदैव अहिंसा परमो धर्माः के सिद्धांत पर चलने वाला समाज है। हमारे यहां चींटी मारना भी पाप है तो हिंदू हिंसक कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा हिंदू हमेशा उदारवादी रहा है। हमें हिंदू होने पर गर्व है। पुतला दहन के दौरान ज्वाला सिंह, धीरज साहु, विकास सोनी, सत्यनारायण साहु, जितेन्द्र महतो, मुकेश गोप, रंजन प्रसाद, राजेश, बलराम सिंह, मनोज, शिवेंद्र, विकास, गणेश, रमेश, रंजीत, किशन, अजय, विक्की, अंशु, विराट, अशोक पंडा समेत कई लोग मौजूद थे।

## बिजली के नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हेसला टोली जारा गांव में मंगलवार को नये बिजली ट्रांसफार्मर का उदघाटन कांग्रेस नेता जगन लिंडा ने फीता काट कर किया। मालुम हो कि यहां का बिजली ट्रांसफार्मर विगत कई दिनों से खराब पड़ा था। इससे पूरा इलाका अंधकार में डूबा हुआ था। सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के समाजसेवी सह कांग्रेस नेता जगन लिंडा ने फौरन विभागीय अधिकारियों से बातचीत की तथा यहां एक नया ट्रांसफार्मर आवंटित कराया। कहा कि ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर वे हमेशा तत्पर रहते हैं। नया बिजली ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त किया। मौके पर बसराय लिंडा ईश्वर दास कच्छप, ललित कच्छप, सुखराम कुजूर मतीयस लिंडा, सिलास कच्छप, जिदान लिंडा, जेम्स कच्छप, जोलेन कच्छप, निकीता कच्छप, समीता कच्छप, फगनी कच्छप, सिनगी लिंडा, रन्थी कच्छप, ज्योति लिंडा, अनिल कच्छप सहित अन्य उपस्थित थे।

## वन माफियाओं की प्रतिदिन बलि चढ़ता प्रखंड क्षेत्र का हजारों एकड में फैला वन

इटकी (आजाद सिपाही)। वन विभाग के आधिकार और वन माफियाओं की प्रतिदिन बली चढता प्रखंड क्षेत्र का हजारों एकड में फैला वन। जब रक्षक ही भक्षक बन जाय तो सुरक्षा का तार तार होना लाजिमी है। इटकी प्रखंड का आधा पंचायत वन क्षेत्र में पड़ता है, जिसमें चिनारो पूरियो, कुर्गी, कुल्ली और भंडरा मुख्य है। जिसमें कई दर्जन गांव है। सभी कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां का मुख्य व्यवसाय - कृषि के साथ साथ वन आधारित उत्पाद भी मुख्य है। प्रत्येक गांव में वन विभाग द्वारा वन रक्षा दल बनाया गया है। माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत है कि रक्षादल के हरेक गतिविधि की जानकारी होता हैं। वह कहां और कब तक रहता है, इसका पता रखते हैं। वन माफिया इतना हाइटेक हैं कि वह किस पेड को गिराना और साफ करना है। उसे सिर्फ आधा घंटा का समय लेता है। दिन में रेकी की जाती है और रात में टेंपो और पिकअप में उठा कर ठिकाना लगा दिया जाता है। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाया गया, तो स्थिति और भी खराब हो सकती है।

## एसजीएफआइ नेशनल के लिए झारखंड को मिली 4 खेलों की मेजबानी



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 (एसजीएफआई) के लिए झारखंड को 4 खेलों की मेजबानी मिली है। इसकी सूचना एसजीएफआई ने पत्र के माध्यम से दी है। झारखंड को एथलेटिक्स अंडर 14 और 19 बालक-बालिका, साइक्लिंग के सभी ट्रैक इवेंट, हॉकी अंडर 19 बालक-बालिका और टेनिस अंडर 19 बालक-बालिका के राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन (भाप्रसे) ने बताया कि सभी चारों खेलों का आयोजन स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार की मेजबानी में रांची में होगा। ज्ञात हो कि 14-15 जून को दिल्ली में आयोजित एसजीएफआई के एजीएम में राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह राज्य एसजीएफआई नोडल धीरसेन ए सोरेंग ने राज्य के प्रतिनिधि के तौर पर भाग लिया था।

## पंचायत के विकास कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करने पर कलमबद्ध हड़ताल की दी चेतावनी : मुखिया

**लापुंग प्रखंड मुखिया के संघ ने विधायक के खिलाफ विडियो लापुंग को लिखित ज्ञापन दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुग प्रखंड के 11 पंचायत के सभी मुखिया ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के खिलाफ गोलबंद होकर विरोध में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज को ज्ञापन सौंपा। मुखिया के अधिकार को विधायक के द्वारा हनन करने पर रोध व्याप्त है। सभी ने एक मत से विधायक का विरोध किया। अबुआ आवास, भीम राव अंबेडकर आवास के अलावे पंचायत की अन्य योजना में विधायक का अनुसंशा करने की बात का सभी मुखिया ने विरोध किया। पंचायत की योजना व अवुआ आवास के अलावे मनरेगा की योजना का ग्राम सभा के माध्यम से चयन किया जाता है, इस पर मुखिया ने कही कि विधायक को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। पंचायती राज में ग्राम सभा सर्वो परी है और योजना चयन में सभी मुखिया सक्षम है। वर्तमान विधायक द्वारा मुखिया के अधिकार को छीनने का आरोप लगाया। अगर प्रखंड विकास पदाधिकारी इस कार्य पर हस्तक्षेप नहीं करते है, तो लापुंग प्रखंड के मुखिया कलम बद्ध हड़ताल पर जाने के लिए तैयार है। विधायक को अपने अधिकार क्षेत्र में रहने की नसीहत इस आरोप पत्र के मध्यम से प्रखंड के मुखियाओ ने दिया। मौके पर सापुकेरा मुखिया सबिता उरांव, बोकरंदा सरोज देवी, मालगो सुग्गी मुंडाई, दाड़ी सुमीला मिंज, ककरिया बिरासमुनि देवी, देवगांव दुर्गा उरांव, महूगाव मेरी होरो, दोलैचा मालती रानी, दानेकेरा धुचला मुंडा के आलावे सभी मुखिया मौजूद थे।

## पुलिस ने फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



बुढ़मू (आजाद सिपाही)। थाना छेत्र के मतवे मे फरार चल रहे वारंटी थाना कांड सं0 -24/23 के अभियुक्त इश्तियाक अंसारी पिता नउम अंसारी ग्राम मतवे करंज टोली थाना बुढ़मू जिला रांची के घर न्यायालय के आदेशअनुसार ढोल नगाड़ा बजवाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया गया। अभियुक्त इश्तियाक अंसारी विगत 1 वर्षों से गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा है पुलिस लगातार गिरफ्तारी हेतु छापामारी कर रही है, इश्तियाक अंसारी के विरुद्ध उनकी पत्नी के द्वारा मारपीट करने, दहेज मांगने के आरोप में बुड़मू थाना में कांड दर्ज करवाया गया है।

## तीन दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन



पिस्का नगरी (आजाद सिपाही)। पिस्का नगरी प्रखंड के सेंबो स्थित केंद्रीय पुलिस बल में तीन दिवसीय 22वां अंतर सेक्टर भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2024 का आयोजन उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र रांची डी.एन.लाल के नेतृत्व में किया गया। जिसमें के.रि.पु.बल के कुल 20 सेक्टरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नॉर्थ वेस्ट सेक्टर और द्वितीय स्थान साउथ सेक्टर ने प्राप्त किया। मौके पर समूह केंद्र रांची के राजीव कुमार कमांडेट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित दर्जनों जवान उपस्थित थे। फोटो प्रतियोगिता में शामिल विजेता टीम को ट्राफी देते उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र रांची डी.एन.लाल।

## सरना झंडा विवाद मामले में हुआ सुलह



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। विगत दिनों बीसा पंचायत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक द्वारा सरना झंडा को लेकर दिए गए बयान के बाद क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया था। मामले को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए थे। यह मामला अनगड़ा थाना तक पहुंचा था। मंगलवार को थानेदार चमरा मिंज की पहल पर दोनों पक्षों के बीच इस विवाद को सुलझा लिया गया। प्रथम पक्ष उमेश बड़ाइक एवं द्वितीय पक्ष अजय तिर्की वगैरह ने मंगलवार को थाने में लिखित तहरीर देकर आपस में समझौता कर लिया। मौके पर समाजसेवी पारसनाथ उरांव, पंसस मानेश्वर मुंडा, रूसू महतो, रामपोदो महतो, सुषमा बड़ाइक, ग्राम प्रधान जितेंद्र उरांव सहित दोनों पक्ष के लोग मौजुद थे।

## जनता की समस्याओं का तुरंत निराकरण हो : विधायक

**समरीलाल ने जनप्रतिनिधियों और अंचलाधिकारी से की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांके।** विधायक समरी लाल ने मंगलवार को कांके मुख्यालय के सभागार में जनप्रतिनिधियों और अंचलाधिकारी जय कुमार राम के साथ बैठक की। मौके पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ,उप प्रमुख अंजय बैठा, जिला परिषद सदस्यों, विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण, कांके सीओ जयकुमार राम सहित प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सामिति सदस्य मौजद थे। मौके पर विधायक समरीलाल ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं को सुना, जिसके बाद मौके पर मौजूद कांके सीओ जय कुमार राम को निर्देश देते हुये कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधी जनता की समस्या को अपने पंचायत से लेकर अंचल आता है, तो तुरंत उसका निराकरण हो, साथ ही हर पंद्रह दिनों में राजस्व कर्मचारियों को अपने अपने पंचायत सचिवालय में बैठने का निर्देश दे। वहीं जाति, आवसीय, आय प्रमाण पत्र निर्गत करने में देर ना किया जाये साथ ही जमीन ऑनलाईन में जो रैयतों का त्रुटि हो उसे सभी पंचायतो में कैंप लगाकर त्वरित कार्रवाई कर निष्पादित किया जाये। वहीं प्रखंड के मुरूम ,गागी, हलदामा के कुछ रैयतों का जमीन पंजी 2 में अभी भी ऑन लाइन नहीं है उसे तुरंत ऑनलाइन किया जाये। सुकुरहुटू राजस्व ग्राम का नाम सुधार किया जाये, केंद्र सरकार की सबसे मत्वाकांझी योजना प्रधानमंत्री सम्मान निधी योजना का लाभ हर लाभुकों को मिले इसके लिए वैसे योग्य किसानों का केवाईसी और लेंड सीडिंग कर लाभ दिलाया जाए। इस पर कांके सीओ जयकुमार राम ने विधायक को आश्वस्त करते हुवे कहा कि इन सभी बातों को अमल में लाया जायेगा।

## कानूनी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

नामकुम (आजाद सिपाही)। झालसा हाई कोर्ट और जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट रांची के आदेशानुसार मंगलवार को नामकुम प्रखंड के हुवांगहातू पंचायत के पंचायत भवन में कानूनी जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को कानून की जानकारी देते हुए एलडीसी टीम के अधिवक्ता शिवानी और पीएलभी लता कुमारी ने डायन प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रमिक, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, जमीन विवाद, दुष्कर्म, सड़क दुघर्टना, नासा मुक्ति स्पोनोशार्सिप आदि को विस्तार से बताया। इस दौरान कुछ समस्याओं को तत्काल समाधान किया गया और कुछ समस्याओं का आवेदन पीएलभी लता कुमारी द्वारा प्राप्त कर डीएलसीए सिविल कोर्ट में दिया गया। इस मौके पर पीएलभीएस टीम के अलावे महिला समूह की अंजलि कुमारी, लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, जसिंता टोप्पो, मुन्नी देवी और वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## क्रिकेट विश्वकप की जीत पर मनाया जश्न



नामकुम (आजाद सिपाही)। विश्व कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 के फाइनल मुकाबले में भारत के शानदार प्रदर्शन और जीत को लेकर मंगलवार को कैंब्रिज स्कूल में विद्यर्थीयों ने जश्न मनाया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के इनर टीमों ने किया। मौके पर प्राचार्य टीके नाथ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय टीम के धुरंधरों ने पुरे विश्व में भारत का परचम लहरा है। हमें गौर्वान्वित होने का पल मुहैया कराया है। इस खुशी को जाहिर करने और भारतीय खिलाड़ियों को प्यार, सम्मान देने के लिए ही हम सब आज एकत्रित हुए है। मौके पर भारत माता की जय के जयकारे भी लगे। इस दौरान संस्थान के निदेशक अभिषेक कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके अलावे मौके पर शिक्षक अशोक सिंह, रीता सिंह, ज्योतिभूषण गुप्ता, रीना सहाय, इंद्राणी बोस, संध्या वर्मा, रिंकू सिंह, एकता कुमारी, आशा सिन्हा, विनीता नाग, बबिता महतो, जय तिर्की, वी भेंगरा, ज्योति पूर्ति आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो सीएचसी में एक महीने से बिजली व्यवस्था बदहाल, जिम्मेदार उदासीन

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टार्च व मोबाइल की रोशनी में हो रहा इलाज, मरीज के स्वजनों में आक्रोश। पिछले एक महीने से बिजली रहते हुए भी व्यवस्था है बदहाल। बिजली रहते हुए भी बिजली के कम रोशनी में स्वजनों एवं चिकित्सकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं।**





बेड़ो सीएचसी में टॉर्च की रोशनी में इलाज करते चिकित्सक और बेड़ो सीएचसी में पसरा अंधेरा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए मूलभूत जरूरतों में एक बिजली की व्यवस्था बदहाल है। परिसर में बिजली की अव्यवस्था होने के कारण मरीजों और इनके स्वजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लाखों रुपये खर्च कर सुविधाएं मुहैया कराने का दावा किया जा रहा है। लेकिन मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल रही। अस्पताल के प्रसूति विभाग को वातानुकूलित किया गया है। लेकिन बिजली के कमजोर वायरिंग के कारण बल्ब तक नहीं जलते है। बल्ब जलते भी है तो रोशनी कम होने के कारण चिकित्सकों को मोबाइल और टार्च की रोशनी में इलाज करना पड़ता है। बिजली रहते हुए भी बिजली के कम रोशनी में स्वजनों व चिकित्सकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ती है। सीएचसी में पिछले एक महीने से बिजली व्यवस्था बदहाल है। ज्ञात हो कि एक जून को केंद्र में कैलाश कुमार पत्नी के साथ इलाज कराने पहुंचे जहां स्विच बोर्ड को मिस्त्री बुलाकर उन्होंने बनवाया तब जाकर यहां लाइट जली थी। वहीं एक जुलाई को चिकित्सक को एक बुजुर्ग का इलाज कम रोशनी होने पर टॉर्च जलाकर करना पड़ा। एक महीना बीत जाने के बावजूद अस्पताल में बिजली रहते हुए भी अंधेरा पसरा हुआ रहता है। जिम्मेदार कुंभकर्णी निद्रा में सोये हुए है। वहीं इस बदहाल अव्यवस्था के सामने आते ही अस्पताल प्रबंधन पर तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल में पर्याप्त रोशनी के इंतजाम क्यों नहीं हैं? क्या इस बदहाल व्यवस्था के जिम्मेदार व्यक्तियों को बत्ती गुल होने की स्थिति के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है? बार-बार सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण और बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने का दावा करने वाले गायब है। इधर प्रखंड मुख्यालय के जिम्मेदार मरीजों की सुधि लेने तक नहीं पहुंचते है। जबकि प्रखंड के सत्रह पंचायतों के साथ गुमला, लोहरदगा और रांची जिला के अंतर्गत होने वाले सड़क दुर्घटना का इलाज और इसके अंतर्गत आने वाले गांवों के हजारों ग्रामीणों के स्वास्थ्य का जिम्मा है। लगभग पांच से बीस किलो मीटर की दूरी पर रहने वाले विशेष कर गर्भवती महिलाएं और गांव के लोग अपनी छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए यही पर आते है। एक तरफ सरकार द्वारा लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत और अबुआ स्वास्थ्य योजना। जैसी योजनाएं चला रही है तो वहीं दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो आज अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। यहां स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं मिलता है। ग्रामीणों को आज भी 50 से 60 किलोमीटर की दूरी तय कर इलाज कराने हेतु रांची जाने को विवश हैं।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 00093 02.07.2024, Dated I Pravin Kumar Sharma son of H. L Sharma Resident of H.No-2 BIT Mesra, Gayatri, Duplex, Vastu Vihar, Mesra, P.o- Mesra, Dist.- Ranchi Jharkhand 835215 do hereby solemnly affirm and declare as follows: 1. That I am a citizen & residing at my aforesaid address. 2. that I am holder of passport being passport No. J2807798. 3. That in said passport my name Parvin Kumar Sharma has been mentioned.4.That my name Pravin Kumar Sharma has been entered in my Adhar Card vide No 5387 3082 6918.5. That my name Pravin kumar sharma has been enterned in my pan card being No. AQKPS2779Q.6. That my name parvin kumar sharma & Pravin kumar Sharma is same and one person which is my name & myself.7. That need of the affidavit for same and correct.

## हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर नाराजगी

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान दिया था। इसको लेकर पूरे देश में राहुल गांधी का विरोध हो रहा है। मेदिनीनगर में भारतीय जनता पार्टी पलामू के द्वारा छः मुहान चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया और जमकर उनके खिलाफ नारेबाजी की गयी और सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गयी और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की गयी। शहर के गीता भवन से भाजपाइयों ने जुलूस निकाला और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छः मुहान चौक पहुंचे और वहां पर जमकर नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला फूंका।



मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी लगातार बहुसंख्यक हिंदुओं को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने संसद में जिस तरह से हिंदुओं को हिंसक बताया है, भगवान शिव की तस्वीर को लेकर राजनीति की है, वह निंदनीय है और इस मामले में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

बीजेपी नेताओं ने राष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर से इस मामले में दखल दिये जाने और राहुल गांधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द की जाय और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाये। नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि अपनी इस मांग को लेकर वह लगातार लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते रहेंगे। राहुल गांधी का यह कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, मंगल सिंह, अरुण सिंह, ज्योति पांडे, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, शिव कुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, अजय सिंह, रीना किशोर, प्रदीप सिन्हा, मंजू गुप्ता, विजय, उपेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, विश्वजीत पाठक, मनदीप प्रजापति, नवीन पांडे, सौरभ तिवारी, आशीष सिंह, राजकुमार वर्मन, चंदन केशरी, अनुराग गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अश्वनी सिंह, अमृत अग्रवाल, ओमप्रकाश पप्पू, पंकज शर्मा, पप्पू मिश्रा और काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षिका रानी की आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले ने तूल पकड़ा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सतबरवा के राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय की शिक्षिका रानी पूनम ने तिलक लगाकर आने पर बच्चों को कहा कि तिलक लगाकर विद्यालय नहीं आना है, मैं भगवान को नहीं मानती हूं भगवान है, तो मेरा ट्रांसफर करके दिखाओ। रामायण को जला दो घर में संविधान की किताब रखो मंदिर तोड़कर शौचालय बनवाओ।**

**सतबरवा /पलामू ।** राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय सतबरवा के शिक्षिका द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला तुल पकड़ चुका है। मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में दर्जनों सनातनी युवाओं ने हाथों में तख्ती लेकर विद्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान हिंदू विरोधी होश में आओ, सनातन विरोधी होश में आओ, शिक्षिका रानी पूनम को निलंबित करो, जैसे नारे लगाये गये। इस धरना प्रदर्शन में बजरंग दल और आरएसएस के लोग भी शामिल थे। मौके पर शिक्षा विभाग की बीपीओ मनोज तिवारी ने आकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया बुझाया और शिक्षिका रानी पूनम को भी फटकार लगाया। बीपीओ के आश्वासन के बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा की 24 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी सनातनी सड़क पर उतरेंगे।

बताते चले कि सतबरवा के राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय की शिक्षिका रानी पूनम ने तिलक लगाकर आने पर बच्चों को कहा कि तिलक लगाकर विद्यालय नहीं आना है, मैं भगवान को नहीं मानती हूं भगवान है, तो मेरा ट्रांसफर करके दिखाओ। रामायण को जला दो घर में संविधान की किताब रखो मंदिर तोड़कर शौचालय बनवाओ। इस बात से हिंदूओं के आस्था को ठेस पहुंची। जिसके बाद 27 जून को बच्चे और अभिभावकों ने विद्यालय में जाकर जमकर हंगामा किया और विरोध जताते हुए शिक्षिका रानी पूनम को निलंबित करने की मांग की।

मौके पर आरएसएस के प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रसाद बजरंग दल के सुनील विश्वकर्मा, टिंकू विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, निर्दोष कुमार उर्फ अकलू बाबा, विष्णु कुमार, सत्येंद्र कुमार, लव विश्वकर्मा, करण मिश्रा, उमेश सिंह, सोनू कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हाथरस में सत्संग के दौरान मारे गये लोगों के प्रति विधायक ने जताया दु:ख

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गयी। इसमें सैकड़ों लोगों की मौत की खबर पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। घायल भक्तों को जल्द स्वास्थ्य होने की भी कामना की हैं। कई की हालत गंभीर हैं। विधायक ने कहा कि हाथरस में हुए हादसे ने उन्हें झकझोर कर रख दिया है।



विधायक कमलेश सिंह

## अवैध छर्री लदा हाइवा जब्त



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के जपला छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ के समीप अवैध छरी लदे एक हाइवा को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा और सीओ पंकज कुमार ने जब्त किया है। एसडीओ ने बताया कि सोमवार की रात्रि में क्षेत्र भ्रमण के दौयान अवैध छरी और ओवरलोड लेकर आ रहे हाइवा को नहर मोड़ के समीप से पकड़ा गया हैं। उन्होंने बताया कि हाइवा पर छरी ओवरलोड था। और मांगने पर वैध चलान नहीं दिया गया। उसको थाना को सौपने के बाद उसके खनन अधिनियम के तहत अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। इससे क्षेत्र में अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## ट्रैक्टर और कार की टक्कर में चार घायल, दो रेफर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के एनएच 98 सेमरबार के समीप ट्रैक्टर और कार की टक्कर में कार पर सवार एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गये। घटना सोमवार की देर रात दस बजे कि है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन के सहयोग से सभी घायलों को हरिहरगंज सीएचसी केंद्र ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ अरुण कुमार सिंह ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। डॉ अरुण कुमार ने बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आशा देवी और नंदकुमार राय बिहार के खगड़िया के रहने वाले है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर और कार की टक्कर में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। कार सवार मेदिनीनगर की ओर से औरंगाबाद जा रहे थे, इसी बीच घटना हुई है।

# पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस भव्य रूप से मनाने का लिया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में पूर्व सैनिकों की बैठक हुई। जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कि जबकि अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कारगिल विजय दिवस भव्य रूप से मनाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से 26 जुलाई को विजय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कैप्टन दुखन सिंह ने सभी को तैयारी में लग जाने को कहा और जिम्मेवारियां भी दी, जिसमें प्रशासन से कार्यक्रम मनाने हेतु स्वीकृती लेना, आमंत्रण कार्ड प्रिंटिंग, टेंट, कुर्सी, टेबल बुकिंग और जलपान कि व्यवस्था शामिल है। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस कारगिल लड़ाई को 17000 फिट और माइनस - 20 डिग्री टेंपरेचर मे हम सभी सैनिकों ने युद्ध लड़ कर विजय प्राप्त की है, जिसमें कितने हमारे साथी सैनिकों ने अपनी सर्वोच्च बलिदान भी दिया है उन सभी को नमन करना हम सभी सैनिकों का ही नहीं बल्कि पुरे भारतवासियों का कर्तव्य बनता है। आगे उन्होंने ने कहा कि हम सैनिक अभी तक देश की सेवा किये हैं, अब रिटायरमेंट के बाद समाज के असहाय वृद्ध पेंशनरों को सहयोग, नौजवान बच्चों को देश भक्ति का गुर सिखाने का काम कर रहें हैं और आगे भी करते रहेंगें। विजय दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सभी वीर नारियां आमंत्रित होंगे साथ ही सभी को सम्मानित भी किया जायेगा। बक्सी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट व दुसरे सभी स्कूलों के बच्चे-बच्चियां भी देश भक्ति कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बैठक में पुर्व सैनिक सुबेदार सतेंद्र ठाकुर, दिलिप मेहता प्रसाद सिंह, राम टहल मेहता, बीगन चौधरी, हवलदार सतेंद्र आदि मौजूद थे।




# मथुरा इंटर महाविद्यालय की प्रबंध समिति का हुआ गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत मथुरा इंटर महाविद्यालय दंगवार के प्रबंध समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। मथुरा इंटर महाविद्यालय परिसर में ग्रामीणों की आम सभा हुई। आम सभा में सर्वसम्मति से मथुरा इंटर महाविद्यालय दंगवार के प्रबंध समिति का गठन किया गया। प्रबंध समिति में अध्यक्ष अयोध्या सिंह टिकैत, सचिव मनोज कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, उप सचिव समश ए आलम, कोषाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह के अलावा कार्यकारिणी में रामराज मेहता, रामाशंकर पाठक, बिगन प्रजापति, रामलखन यादव, अनिल सिंह, संतोष राम, सुनील सिंह, कृष्णा सिंह, कमलेश कुमार शाह व हसन खलीफा चुने गये हैं। प्रबंध समिति ने नियमित उच्च शिक्षा को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



# युवा एकता मंच के बैनर तले दिया गया एक दिवसीय धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में युवा एकता मंच पलामू के बैनर तले मंच के अध्यक्ष संदीप सरकार के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया।





जिसमें मुख्य रूप से अबूआ आवास योजना, प्रखंड अंतर्गत पेयजल की भयावाह स्थिति, बढ़ते भ्रष्टाचार, दिनदहाड़े चोरी डकैती और बढ़ाते अपराधीक घटना, तथा छतरपुर के जिला बनाने के मांग को लेकर पांच सूत्री मांगों के समर्थन में छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही यह पांच सूत्री ज्ञापन उपायुक्त पलामू को अग्रसरित किया गया। युवा एकता मंच के अध्यक्ष संदीप सरकार ने कहा कि अबुआ आवास योजना में कई योग्य लोगो को वंचित रखा गया है। वहीं अयोग्य व्यक्ति को गलत रैंकिंग के कारण आवास का लाभ दिया जा रहा है। छतरपुर प्रखंड के कई स्थान पर वर्षो से जलमिनार, चापाकल बंद पड़ा है, लोग पीने के पानी के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं।

वहीं क्षेत्र में दिनदहाड़े लूटपाट चोरी डकैती और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है जिस पर प्रशासन के लोगो से त्वरित अंकुश लगाने की मांग किया।

साथ ही उन्होंने कहा कि छतरपुर जिला होने का सभी अहर्ता पूरा करता है, इसलिए छतरपुर को जिला बनाया जाये। मौके पर पूर्व उप प्रमुख सह झामुमों नेता समाजसेवी रंजीत जैसवाल उर्फ फंटूश जायसवाल ने कहा कि हमारे द्वारा चुनकर भेजे गये जनप्रतिनिधियों ने भी जब तक कि किसी योजना में दो प्रतिशत नहीं लेते हैं, तब तक इसका शिलान्यास तक नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति में हम सभी को भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए खुद आगे आना होगा। उन्होंने स्थानीय विधायक के मुद्दे पर चर्चा करते हुए बताया कि इस बार हम लोग अपने विधानसभा क्षेत्र से स्थानीय युवा को सेवा का मौका देंगे ऐसा हम सभी को प्रण करना होगा।

मौके पर कांग्रेस यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत कुमार सिंह, संजय राजन, संजय वर्मा, कंचनपुर मुखिया सरस्वती देवी, कालापहाड़ मुखिया पति प्रमोद यादव, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, नौडीहाबाजार बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीतीश कुमार, डॉ संजय कुमार, रामबाबू, डॉ अजय कुमार, सनी कुमार, उषा कुमारी, अनीता देवी, रीना देवी, सोनी देवी, प्रभु यादव, विश्वनाथ यादव, पंकज कुमार, बिहारी यादव, सोनी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स



5 मैचों की सीरीज 6 जुलाई से जिंबाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया मंगलवार की सुबह मुंबई से रवाना हुई। सीरीज का पहला मुकाबला 6 जुलाई को हरारे में खेला जायेगा।

# टीम इंडिया टी-20 सीरीज के लिए जिंबाब्वे रवाना

## यशस्वी, सैमसन और शिवम बारबाडोस से लौट कर शामिल होंगे

**एजेंसी**

**मुंबई।** 5 मैचों की सीरीज 6 जुलाई से जिंबाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया मंगलवार की सुबह मुंबई से रवाना हुई। भारत को जिंबाब्वे दौरे पर पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 6 जुलाई को हरारे में खेला जायेगा।



बीसीसीआई ने टी-20 वर्ल्ड कप के बीच जिंबाब्वे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। टीम का कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप खेलने गयी टीम के कुछ खिलाड़ी भी इस टीम में शामिल हैं। हालांकि, वह इस वक्त बारबाडोस में तूफान की वजह से फंसे हैं, लेकिन बाकी जो खिलाड़ी भारत में ही थे वह हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण (सिर्फ इस टूर के लिए) के साथ जिंबाब्वे के लिए रवाना हो गये। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर टीम की रवाना होने की कुछ फोटोज भी शेयर की हैं। बारबाडोस में फंसे खिलाड़ियों में यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे और संजू सैमसन शामिल हैं। ये खिलाड़ी भारत आने के बाद जिंबाब्वे जायेंगे।

**पहले 2 टी-20 के लिए 3 नए खिलाड़ी शामिल :** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया के कुछ प्लेयर्स को जिंबाब्वे दौरे के लिए भी जाना है, लेकिन बारबाडोस में आये तूफान के कारण टीम वहां फंस गयी है। इसलिए आज बीसीसीआई ने जिंबाब्वे के खिलाफ पहले 2 टी-20 के लिए 3 नये प्लेयर्स को रिप्लेसमेंट के तौर पर भेजा है।

ओपनर साई सुदर्शन, विकेटकीपर जितेश शर्मा और पेसर हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के रिप्लेसमेंट के लिए चुना गया है। भारत से अब तक सीरीज नहीं जीत सकी है टीम जिंबाब्वे की टीम भारत से टी-20 सीरीज अब तक नहीं जीत सकी है। दोनों के बीच अब तक 3 द्विपक्षीय सीरीज खेली गयी हैं और तीनों ही भारतीय टीम ने जीती हैं।

**आखिरी बार 2022 में किया था दौरा :** भारतीय टीम ने 2022 में आखिरी बार जिंबाब्वे का दौरा किया था। इस दौरान टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी। टीम ने तीनों मैच जीतकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया था। आखिरी टी-20 सीरीज भारत ने जिम्बाब्वे ने 2016 में खेली थी, जहां टीम इंडिया 2-1 से जीती थी।

### पहले 2 टी-20 के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

# टीम इंडिया तूफान की वजह से बारबाडोस में फंसी, बीसीसीआइ चार्टर्ड फ्लाइट भेजेगी

**एजेंसी**

**बारबाडोस।** टीम इंडिया तूफान बेरिल की वजह से बारबाडोस में फंसी हुई है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोमांचक जीत के अगले दिन टीम इंडिया को वापसी करनी थी, लेकिन तूफान के कारण टीम इंडिया भारत के लिए रवाना नहीं हो सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया को बीसीसीआई चार्टर्ड फ्लाइट से वापस लायेगी। बीसीसीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा, टीम के ब्रिजटाउन से शाम 6 बजे स्थानीय समयानुसार (3 जुलाई, 3:30 बजे भारतीय समयानुसार) रवाना होने और बुधवार को शाम 7.45 बजे (भारतीय समयानुसार) दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। यहां पहुंचने के बाद खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जायेगा, लेकिन उस कार्यक्रम की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली ने पीटीआई को बताया, मैं वास्तव में एयरपोर्ट के स्टाफ के संपर्क में हूं और वे अब अपनी अंतिम जांच कर रहे हैं और हम जल्द सामान्य फ्लाइट्स फिर से शुरू करना चाहते हैं।



**1 जुलाई को ही वापस आना था :** भारतीय टीम को सोमवार को भारत आने के लिए न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से टीम का शेड्यूल बाधित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि अटलांटिक में आने वाले बेरिल तूफान के कारण 210 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। कैटेगरी 4 का यह तूफान बारबाडोस से लगभग 570 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में था और इसकी वजह से एयरपोर्ट पर ऑपरेशन रोक दिये गये हैं।

**29 जून को वर्ल्ड चैंपियन बनी है टीम इंडिया :** टीम ने 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप जीता। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में 17 साल बाद चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, भारत ने 11 साल के बाद आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया है। बारबाडोस के मैदान पर भारत ने फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



## उत्सव के रूप में मनाया गया 38वां स्थापना दिवस, बच्चों ने बिखेरी बहुरंगी छटा

# शैक्षणिक विकास से राष्ट्र-निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा डीपीएस बोकारो : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** 'बोकारो को पूरे झारखंड की शैक्षणिक राजधानी माना जाता है। इस शहर को यह महत्वपूर्ण ख्याति दिलाने में अगर किसी विद्यालय का सबसे बड़ा योगदान है तो वह है दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो। विगत 38 वर्षों की इस विद्यालय की यात्रा और गौरवपूर्ण अतीत आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने हर विधा में देश-विदेश में अपना परचम लहराया है। यह विद्यालय प्रतिवर्ष टॉपर्स के रूप में प्रतिभावान, सक्षम और होनहार नागरिक प्रदान कर सशक्त समाज व राष्ट्र-निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहा है।' उक्त बातें झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह ने कहीं। वह मंगलवार को डीपीएस बोकारो के 38वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) माइकल राज एस. एवं कोयला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुरेंद्र कुमार झा तथा बतौर विशिष्ट अतिथि बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पूज्य प्रकाश उपस्थित थे। इसके अलावा, सभी डीएसपी भी मौजूद रहे। डीजीपी सिंह ने समस्त विद्यालय परिवार को एक मील के पत्थर स्वरूप इस स्थापना दिवस की बधाई दी। साथ ही, उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं देते हुए तथा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास एवं सामुदायिक उत्थान की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षा में समय के साथ आए बदलाव की चर्चा करते हुए इसके जरिए एक सुशिक्षित और सुरक्षित वातावरण तैयार करने पर बल दिया। सिंह ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के संतुलित इस्तेमाल करने का भी संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए स्कूल के स्थापना काल से लेकर अबतक की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने तथा विशेष रूप से अपने माता-पिता का सदैव आदर करने की प्रेरणा दी। कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं। वो अपने बच्चों को तैयार करने में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं। प्राचार्य ने डीपीएस बोकारो द्वारा विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षण-व्यवस्था मुहैया कराने, उनके सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय द्वारा निर्धन बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र और निशुल्क महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र कोशिश की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। इसके पूर्व, अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर स्थापना दिवस उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनभावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बहुरंगी छटा बिखेरी। स्वागत गान स्वागतम आपका आप आए... और विद्यालय गीत आया है नया सवेरा... के बाद स्वागत नृत्य में इस अवसर पर प्राचार्य डॉ गंगवार ने डीजीपी, आईजी, डीआईजी व एसपी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया।

### कुशल मेधाविता और शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

समारोह के दौरान अतिथियों ने प्री-नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले 409 विद्यार्थियों के साथ-साथ आर्यभट्ट मैथमेटिक्स कंपटीशन (एएमसी) के लगभग 40 विजेताओं को प्रमाण-पत्र, मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं, विद्यालय द्वारा समाज के अभिवंचित वर्ग के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र के दर्जनों विद्यार्थियों को केन्द्र प्रभारी डॉ सरिता गंगवार की मौजूदगी में विद्यालय परिधान प्रदान किया गया। डीजीपी सिंह ने पुरस्कृत किए गये सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस क्रम में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में डीपीएस बोकारो परिवार के सभी सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे। आरंभ में स्वागत भाषण वाइस हेड गर्ल हिमानी सिंह, मंच संचालन छात्र मोहित कुमार, छात्रा आव्या सिंह, अवण्या पाहवा और शिप्रा हेंब्रम तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक सचिव ऋद्धिमा कौशल ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों से सुसज्जित बना रहा और उत्सव का रंग छाया रहा।

### करियर मार्गदर्शिका का विमोचन

समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यालय की टीम द्वारा तैयार करियर मार्गदर्शिका - डीपीएस बोकारो करियर एवेन्यू का विमोचन भी किया। 100 से अधिक पृष्ठों वाली इस रंगीन पत्रिका में आकर्षक पृष्ठ-सज्जा के साथ 12वीं के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के विभिन्न विकल्पों की सचित्र विस्तृत जानकारी दी गयी है। डीजीपी ने इसे विद्यार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण एवं लाभप्रद बताया। उक्त अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम– भुवनेश्वर प्रसाद उर्म–47 वर्ष,
रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट 2 ईंच , पहनावा–चेक नारंगी शर्ट, फुल पैंट ग्रे रंग का एवं चप्पल निले रंग का पहने है।

उपरोक्त लापता पुरुष भुवनेश्वर प्रसाद उर्म–47 वर्ष पे0– इन्द्रदेव प्रसाद आवेदिका–अनिता देवी, सा0–कृष्णा पुरी रोड़ नं0–14 पो0–चुटिया थाना– चुटिया, जिला–राँची, वैकल्पिक पता– करम चौक गोपाल राय के घर में किराये दार थाना–सुखदेव नगर जिला–राँची। जो घर से दिनांक–15.06.24 को सुबह 7–8 बजे अपना काम में पी0एन0जी0 (यू0के0भी0) कम्पनी पुराना अरगोड़ा चौक निकल गया कम्पनी में समान ओटो पर लोड कर रविकान्त मेहता नामक लड़का के साथ समान डिलेभरी के लिए निकला लालपुर स्थित खुशी जेनरल स्टोर में समान डिलेभरी के बाद साथी रविकान्त मेहता चुटिया को घर जाने बोल कर निकला जो अभी तक घर लोट कर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में सुखदेव नगर थाना– सनहा संख्या–18/24, दिनांक–22.06.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची। –9431770077
थाना प्रभारी सुखदेव नगर, राँची। –9431788800

PR 328398 Police(24-25)D
वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम– पल्लवी कुमारी उम्र 18 वर्ष,
रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट 1 ईंच, पहनावा–पीला सुट

उपरोक्त लापता लड़की पल्लवी कुमारी उम्र 18 वर्ष, पे0–दिनेश साहु सा0–होचर, पोस्ट–हुसीर, थाना–कॉके, जिला–राँची, घर से जो दिनांक–03.06.24 को वीमेंस कॉलेज गयी थी आजतक अपने घर लोट कर नहीं आयी है। जिसके संबंध में कॉके थाना– सनहा संख्या–19/24, दिनांक –06.06.24 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0–1 राँची। –9431706141
थाना प्रभारी कॉके, राँची। –9431706185

PR.NO.328391 Police(24-25):D
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।


# राहुल की मोहब्बत की दुकान में हिंदुओं का कोई सम्मान नहीं है : विरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के द्वारा पूरे हिंदू समाज के लिए गलत भाषा बोले जाने के विरोध में भाजपा बोकारो जिला द्वारा जिला अध्यक्ष जयदेव राय के अध्यक्षता में चास धर्मशाला मोड़ में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान लगाते हैं। सबको मोहब्बत बांटते हैं, राहुल की मोहब्बत की दुकान में हिंदु का कोई सम्मान नहीं है। हिंदू कभी हिंसक नहीं होता है हिंदू धर्म रक्षक होता है, हम सभी उनके इस बयान की निंदा करते हैं, राहुल गांधी को अपने बयान पर खेद व्यक्त करना चाहिए। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह, लक्ष्मण नायक, डॉ परिंदा सिंह, मिहिर सिंह चौधरी, संजय त्यागी, धिरज झा, डॉ प्रकाश कुमार, डॉ रतन केजरीवाल, शंकर रजक, टिंकू तापड़िया, मेघन महतो, दिनेश यादव, मनोज ठाकुर, अनिल सिंह, पन्ना लाल कानदू, विनोद महतो, मथुर मंडल, ऋषभ राय, इंद्र कुमार झा, हरिष सिंह, सुबास महतो, धर्मेन्द्र महथा, बुद्धेश्वर घोषाल, योगेंद्र सिंह, विकास महथा, कनक कुमार, गोविंद गोप, संदीप चौधरी, राजाराम शर्मा, पंकज सिंह, अमरदीप झा, अरविंद राय, त्रिलोचन झा, रेशव कुमार, झंटू डे, हिरालाल मंडल, आदि उपस्थित थे।

## अवैध स्टोन चिप्स लदा हाइवा और बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने आज प्रातः 3 बजे से 10 बजे तक विभिन्न थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिए गये निर्देश के अनुपालन में आज प्रातः 3:00 बजे से 10:00 बजे तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा व बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर टुंडी थाना को अग्रतर कानूनी कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द कर दिया गया। जांच दल की अगुवाई खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक कर रहे थे। वहीं जांच दल में नवनियुक्त पदस्थापित खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

# पानी की समस्या को लेकर बीस सूत्री सदस्यों ने पीएचइडी के साथ की बैठक





आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** पानी की समस्या को लेकर निरसा प्रखंड सभागार में आज मंगलवार को पीएचडी विभाग के साथ जिला परिषद, पंचायत समिति, मुखिया और बीसूत्री सदस्यों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास ने की बैठक काफी हो हंगामादार हुआ। बैठक शुरू होते ही जिला परिषद सदस्य पिंटू सिंह और पिंकी मरांडी ने विभाग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाले, उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10 बोरिंग करना था, जिसमें पांच बोरिंग के अनुशंसा विधायिका तीन का जिला परिषद एक का मुखिया और एक का समिति द्वारा किया जाना था। पर विभाग के कर्मियों ने सिर्फ विधायिका से पूछ कर ही बोरिंग कर दिया जहां जरूरी नहीं भी है वहां बोरिंग कर दिया गया। कहीं-कहीं निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य भी बोरिंग की गयी। इसके लिए विभाग से उन लोगों ने जल्द ही सूची उपलब्ध कराने को कहा ताकि सभी बोरिंग की जांच कर अगली बैठक में अपनी समस्या का समाधान कराया जायेगा।

मुखिया पति योगिंदर यादव ने कहा कि हमारे पंचायत में भी यहां जरूरी नहीं है बिना पूछे विभाग द्वारा बोरिंग कर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड उपप्रमुख उमा देवी, जिप सदस्य संजय सिंह, पिंकी मरांडी, दीपाली रोहिदास, मुखिया दिनेश सिंह, इसाक देश, बीस सूत्री सदस्य शमीम अंसारी, मल्लेश्वरी यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# कई लोगों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली (बेरमो)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के आवासीय कार्यालय में कांग्रेस पार्टी तथा बेरमो विधायक पर आस्था रखते हुए सिजुआ पंचायत के लगभग 50 से ज्यादा लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। ये सभी लोग सिजुआ पंचायत के मुखिया सरिता देवी और उप मुखिया निरंजन हांसदा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। बेरमो विधायक सिंह ने सभी को कांग्रेस का पट्टा ओढ़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। विधायक सिंह ने सभी को पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि आपके पार्टी में आने से सिजुआ पंचायत में कांग्रेस पार्टी में मजबूती प्रदान हुई है। आप सभी समाज के उत्थान और विकास के लिए काम करे मैं हमेशा आपके साथ हूं। वही मुखिया सरिता देवी और उप मुखिया निरंजन हांसदा ने कहा कि हमलोग पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। ये पार्टी सभी को साथ लेकर चलती हैं। पूर्व विधायक स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के कार्यशैली से हमलोग काफी प्रभावित थे। वर्तमान में उनके विधायक पुत्र अनूप सिंह की कार्यशाली और ज्यादा हमलोगों को प्रभावित की है। कहा कि विधायक जी का नये जोश के साथ संपूर्ण बेरमो का विकास करना, इससे हमसभी को सीखने का मौका मिलेगा। इसमें मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधाई राजेश राम सहित राजेश कुमार, विजय रविदास, चंदा देवी, सुनीता देवी, जानकी देवी, पूजा देवी, सीमा देवी, अंजू देवी, धनपत देवी, सोना देवी, सावित्री देवी, रानी देवी, अनीता देवी, मन्नू देवी, पूजा देवी, ज्योति देवी, सबनी देवी, राधा देवी, कमली देवी, गीत देवी, सुहागी देवी, सुगवा देवी, राजू रविदास, पुनीत रविदास, राजा कुमार महेंद्र कुमार विक्रम भुइयां आदि मौजूद थे।

# पुलिस की पाठशाला में पढ़ाया गया सफलता और अनुशासन का पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता






**धनबाद।** जन जागरुकता अभियान के तहत धनबाद पुलिस की अनोखी मुहिम पुलिस की पाठशाला लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत धनबाद थाना अनंगर्त डिनोबली स्कूल (सीएमआरआइ) में धनबाद पुलिस विभाग की तरफ से जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के तहत डिनोबली स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला और बाल सुरक्षा, नशे से बचाव और घरेलु हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन मौजूद रहे। अभियान के तहत पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों ने डिनोबली के छात्र छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें कानून के विभिन्न पहलुओं से जागरुक कराया। एसएसपी महोदय हृदीप पी जनार्दनन ने शिविर को संबोधित करते हुए समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्रों से जागरुक रहने की अपील की और देश में लागू हुए तीन नए कानूनों की जानकारी भी दी। कहा कि धनबाद पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर हमेशा ही गंभीर रही है। यही वजह है कि पुलिस की हर मुहिम को समाज के हर वर्ग का निरंतर सहयोग मिलता रहा है और ऐसे में अगर विद्यार्थी अपने अधिकार एवं कर्तव्यों को लेकर सजग रहेंगे तो काफी हद तक समाज से बुराईयों को खत्म किया जा सकता है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि पुलिस के द्वारा किए जा रहे सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों से छात्र-छात्राओं को जोड़ दिया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। छात्र-छात्राओं को जिस तरह की शिक्षा दी जाएगी उनका भविष्य निर्माण भी उसी प्रकार होगा। यही वजह है कि साइबर अपराध के शिकार होने से बचाव, नशे से दूरी, यातायात नियमों की जानकारी समेत आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए धनबाद पुलिस ने विशेष पहल करते हुए पुलिस की पाठशाला अभियान के लिए स्कूलों और कॉलेजों को चुना है। पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, डीएसपी मुख्यालय संदीप गुप्ता, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, डिनोबली स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती तनुश्री बनर्जी, वाईस प्रिंसिपल शुभाशीष घोष, सुनील सिंह, प्रतिभा कुमारी समेत सैकड़ो की संख्या में स्कूल के बच्चे मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा
नये समाहरणालय भवन, सी ब्लॉक, ग्राऊण्ड फ्लोर, खुँटीटोली, सिमडेगा।
ई मेल – rmsasimdega@gmail.com

**प्रेस - समाचार**

सिमडेगा जिले के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत/मृत/कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रवरण कोटि में प्रोन्नति दिया जाना है जिसके लिए अहर्ताधारी शिक्षक/शिक्षिकाओं की वरीयता सूची तैयार कर सिमडेगा जिले के वेबसाईट www.simdega.nic.in में प्रकाशित किया गया है। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित शिक्षक/शिक्षिकाओं से अनुरोध है कि वेबसाईट में प्रकाशित सूची का अवलोकन कर अपना दावा/आपत्ति दिनांक 08.07.2024 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय सिमडेगा में समर्पित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 328401 (Simdega) 24-25 (D)



## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,खूँटी

–:आम सूचनाः–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N) 686 (अनु०) दिनांक 14.06.2024 के आलोक में खूँटी जिला में आम उत्पादन को बढ़ावा देने, कृषकों को बाजार उपलब्ध कराने एवं कृषकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खूँटी के सौजन्य से दिनांक 06.07.2024 दिन शनिवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से कचहरी मैदान, खूँटी में आम उत्सव –सह– बागवानी मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रजाति के आम एवं इसके उत्पाद की प्रदर्शनी/बिक्री हेतु स्टॉल लगाया जाएगा। आम उत्सव –सह– बागवानी मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक कृषक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय/जे०एस०एल०पी०एस० कार्यालय/ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, खूँटी से सम्पर्क कर इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,खूँटी

PR 328434 District(24-25).D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(सामान्य शाखा)

–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

विज्ञापन संख्या–01/2022 अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती से सम्बन्धित सम्भावित समय सारणी :–

| क्र० | चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया से सम्बन्धित अनुसूची | | | समय सारणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राप्त आवेदन–पत्रों की स्क्रूटनी | | | दिनांक–01.07.2024 से दिनांक–07.07.2024 तक |
| 2 | दावा–आपत्ति | | | दिनांक–08.07.2024 से दिनांक–15.07.2024 तक |
| 3 | लिखित परीक्षा आयोजन की सम्भावित तिथि<br>लिखित परीक्षा 50 अंको की वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगी, जिसमें जिला से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से सम्बन्धित प्रश्न इत्यादि पूछे जायेंगे। सफल उम्मीदवारों की सूची 1:3 की संख्या में तैयार की जायेगी। | | | दिनांक–21.07.2024 |
| 4 | शारीरिक दक्षता परीक्षण की सम्भावित तिथि<br>–:: एक मील का दौड़ ::– | | | दिनांक–28.07.2024 |
| | पुरूषो के लिए | 05 मिनट या पहले | 20 अंक | |
| | | 05 मिनट के बाद 06 मिनट तक | 10 अंक | |
| | | (अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | | |
| | महिलाओं के लिए | 08 मिनट या पहले | 20 अंक | |
| | | 08 मिनट के बाद 10 मिनट तक | 10 अंक | |
| | | (अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | | |
| 5 | परीक्षाफल प्रकाशन की सम्भावित तिथि | | | दिनांक–29.07.2024 |

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.328362 District(24-25):D

### आइएमएस और एसयूएम अस्पताल सितलापल्ली की एक और उपलब्धि

# अवेक ब्रेन की सफल सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेरहामपुर।** न्यूरो और स्पाइन सर्जरी में महत्वपूर्ण प्रगति का लाभ उठाते हुए यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसयूएम हॉस्पिटल के सीतालापल्ली परिसर में 71 वर्षीय एक व्यक्ति की सफल मस्तिष्क सर्जरी की गयी। सर्जरी में खोपड़ी के ललाट क्षेत्र में 2-2.5 सेमी व्यास के दो छोटे छेद बनाना शामिल था। इन छिद्रों ने सर्जनों को मस्तिष्क में दबाव पैदा करने वाले संचित रक्त और तरल पदार्थ तक पहुंचने और निकालने की अनुमति दी। पारंपरिक सर्जरी के विपरीत, जिसमें रोगी को सामान्य एनेस्थीसिया देने की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तब की जाती थी, जब रोगी जाग रहा था और प्रतिक्रिया कर रहा था। भुवनेश्वर में आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) सूर्यप्रताप सिंह तोमर ने सर्जरी की।

प्रो (डॉ) तोमर ने कहा कि सर्जरी ने जागृत मस्तिष्क सर्जरी की अविश्वसनीय क्षमता को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि रोगी को जगाये रख कर हम अधिक सटीकता और सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं, जिससे परिणाम बेहतर हो सकते हैं और रिकवरी का समय कम हो सकता है। यह तकनीक विशेष रूप से बुजुर्ग रोगियों और जटिल चिकित्सा इतिहास वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

प्रो (डॉ) तोमर ने कहा, ऐसी सर्जरी के फायदों में रोगी के न्यूरोलॉजिकल कार्यों की वास्तविक समय पर निगरानी शामिल है, जिससे मस्तिष्क के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होने का खतरा कम हो जाता है। सामान्य एनेस्थीसिया की आवश्यकता दूर हो जाती है और तेजी से रिकवरी सुनिश्चित होती है।

अस्पताल के निदेशक देबा प्रसाद दाश ने कहा कि अवेक ब्रेन सर्जरी की सफलता ने आधुनिक न्यूरोसर्जरी में न्यूनतम इनवेसिव और रोगी केंद्रित दृष्टिकोण के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया है।

# एसओए लॉ स्कूल को पूर्व में पहला और देश में 5वां स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एसओए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ (एसएनआइएल), शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) के कानूनी अध्ययन संकाय को शीर्ष 100 में पूर्वी क्षेत्र में नंबर एक लॉ स्कूल और देश में पांचवें स्थान पर रखा गया है। बिजनेस वर्ल्ड पत्रिका द्वारा लॉ स्कूल रैंकिंग तैयार की गयी।

नयी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस वर्ल्ड द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एसओए को यह पुरस्कार मिला। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेआर मिधा, वरिष्ठ वकील गीता लूथरा और बिजनेस वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक डॉ अनुराग बत्रा शीर्ष रैंक वाले संस्थानों को पुरस्कार देने के लिए उपस्थित थे। एसओए के उद्योग जुड़ाव और कॉर्पोरेट संबंध निदेशक रिप्ति रंजन दाश और एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतम नायक के विशेष कर्तव्य अधिकारी ने एसएनआइएल की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया, जो 2023 में रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग में देश में 8वें स्थान पर था।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
निविदा सं: EL-Chg-Open-34-2024-25
दिनांक: 28/06/2024
वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा (e-tender) Single Packet System में आमंत्रित की जाती है। (1) कार्य का नाम तथा स्थान : 03 वर्षों के लिए धनबाद मंडल पर एलएचबी और गैर एलएचबी प्रकार के एसी कोचों के आरएमपीयू का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। (2) कार्य की अनुमानित लागत :– रु. 7,58,84,886.83 (सात करोड़ अनठावन लाख चौरासी हजार आठ सौ छियासी रुपये और तेरासी पैसे) मात्र (2) बयाना राशि :– रु. 5,29,400.00 (रूपये पाँच लाख उनतीस हजार चार सौ मात्र)। (4) ई-निविदा बंद होने की तारीख तथा समय :– 19/07/2024 को 17:00 बजे, (5) ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समय :– 19/07/2024 को 17:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण:–http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/धनबाद
पीआर/0608/डीएचएन/एमईसीएच/टी/23-24/32

# ओड़िशा में रथ यात्रा की दो दिन की छुट्टी: सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में रथ यात्रा की छुट्टी दो दिन की रहेगी, इसकी जानकारी मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रथ यात्रा 2024 की अंतिम संयुक्त बैठक के बाद दी। पुरी नगर पालिका हॉल में आयोजित बैठक के समापन के बाद मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस संबंध में घोषणा की। सीएम ने रथ यात्रा 2024 की तीसरी या अंतिम संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की।

7 जुलाई को होने वाले भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के विश्व प्रसिद्ध वार्षिक रथ उत्सव को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। ओडिशा में रथ यात्रा की छुट्टी दो दिन यानी 7 और 8 जुलाई को होगी। मंगलवार को सुबह 11:15 बजे पुरी नगर पालिका हॉल में मुख्यमंत्री मोहन माझी की अध्यक्षता में अंतिम रथ समन्वय समिति की बैठक हुई है।

पिछले बुधवार को कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन की अध्यक्षता में दूसरी रथ समन्वय बैठक हुई थी, जबकि विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कानून मंत्री के समक्ष अपने विभागों की कार्ययोजना रिपोर्ट पेश की थी। वहीं, रथ निर्माण से लेकर, जुलूस को कैसे सुव्यवस्थित किया जाये, सुरक्षा व्यवस्था को कैसे चुस्त-दुरुस्त किया जाए, इस पर आज चर्चा हुई है। बैठक में श्रद्धालुओं के अनुशासित दर्शन, अनुष्ठान और जुलूस से संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जायेगी।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ने की, जबकि विभिन्न विभागों के मंत्री, जिलों के सभी विधायक, उपमुख्यमंत्री, श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक, जिलापाल, एसपी और श्रीमंदिर के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# आगामी चुनाव में पूरी मेहनत से काम करें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के घोरथंबा और डोरंडा मंडल में मंगलवार को भाजपा की समीक्षा बैठक हुई। घोरथंबा में महेंद्र चौधरी और डोरंडा में प्रद्युम्न वर्मा ने समीक्षा बैठक का नेतृत्व किया। इन दोनों बैठकों में मुख्य रूप से धनवार विधानसभा के संयोजक सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में हुए कार्यों की पूरी जानकारी ली। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने सरकारी शक्तियों का दुरुपयोग किया है। जिस बूथ पर भाजपा को कम वोट मिले हैं, उसको कैसे बढ़ाया जाये, इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। लोगों को आगामी चुनाव में पूरी मेहनत से काम करने को कहा गया। बैठक में आगामी होनेवाला विधानसभा को लेकर चर्चा की गयी। इसमें पार्टी को पिछले लोकसभा चुनाव से और बेहतर करने को लेकर कार्यकर्ताओं को टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से ही जुट जायें, ताकि प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बने तथा झारखंड के चहुंमुखी विकास हो। इसी कड़ी के साथ हम सभी को अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करना है। मौके पर जयप्रकाश साहा, उदय सिंह, लोकेश चौधरी, कृष्ण कुमार वर्मा, किशोर बर्णवाल, मनोज सिंह, रंजीत कुमार, प्रवीण सिंह, दशरथ राणा, मनोज राम, केदार साव, प्रवेश यादव, राम निवास पांडेय, कोलेश्वर साव, रामदेव विश्कर्मा, सुखदेव राम, मदन विश्कर्मा, दीपक पांडेय, संदीप राय आदि मौजूद थे।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# बीजद सरकार में बंद किये गये स्कूल फिर से खोले जायेंगे : नित्यानंद गोंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने मंगलवार को कहा कि बीजद सरकार द्वारा विभिन्न कारणों से बंद किये गये स्कूलों को फिर से खोला जायेगा। भाजपा सरकार उन स्कूलों को खोलने की योजना बना रही है, जिन्हें बीजद सरकार ने बंद कर दिया था। स्कूलों को फिर से खोलने की योजना बनायी जा रही है, क्योंकि बच्चों को स्कूल जाने के लिए दूर-दूर जाना पड़ता है। मंत्री ने कहा कि कुछ जगहों पर गलत रिपोर्टिंग के कारण स्कूल बंद कर दिये गये हैं। स्थानीय लोगों की मांगों को नजरअंदाज किया गया है। भाजपा सरकार लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन सभी स्कूलों को फिर से खोलने की योजना बना रही है।

जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने आगे कहा कि लोगों की मांग के अनुसार बंद स्कूलों को फिर से खोलने की आवश्यकता पर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश सचिव को दिया गया है।

इस संबंध में जनशिक्षा विभाग की ओर से सचिव को निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि सचिव द्वारा विस्तृत रिपोर्ट दिये जाने के बाद बीजद सरकार द्वारा बंद किये गये स्कूलों को फिर से खोल दिया जायेगा।

## भत्ता राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया



भुवनेश्वर। राज्य में जल्द ही मजदूरी की राशि में बढ़ोतरी की जायेगी। मंगलवार को आयी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। राज्य में विभिन्न श्रेणियों के लाभार्थियों को दिये जाने वाले भत्ते को बढ़ा कर तीन हजार रुपये किया जायेगा। ओड़िशा सरकार के स्कूल और जन शिक्षा, एसटी और एससी विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नित्यानंद गोंड ने मंगलवार को जानकारी दी है कि भत्ता राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि वृद्धावस्था और विधवाओं के भत्ते बढ़ाने की तैयारी चल रही है। राज्य की पूर्ववर्ती बीजद सरकार राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा से वंचित लाभार्थियों को मधुबाबू पेंशन योजना के तहत भत्ता दे रही थी। इस योजना में राज्य के विभिन्न वर्ग के 56 लाख 76 हजार 916 लोगों को भत्ता दिया जा रहा था। पिछले फरवरी में पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भत्ते में 500 रुपये की बढ़ोतरी की थी। उसके बाद लाभार्थियों को न्यूनतम 1000 रुपये भत्ता मिल रहा था।

## नवीन पटनायक के निजी सचिव बने ओएएस आदित्य महापात्रा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओएएस आदित्य महापात्रा (एसएजी) को विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। रिपोर्टों के अनुसार ओड़िशा के पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व अतिरिक्त सचिव लोक प्रशासन विभाग में शामिल हो गये थे। इसके अलावा यह उल्लेखनीय है कि, उन्हें अब भुवनेश्वर में ओड़िशा विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) के निजी सचिव (पीएस) के रूप में तैनात किया गया है। ओड़िशा सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश पारित कर दिया गया है।

# भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की हिंदू विरोधी टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओड़िशा इकाई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच भुवनेश्वर में झड़प हो गयी। दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच कथित तौर पर झड़प उस समय हुई, जब भगवा पार्टी के सदस्य आज शाम भुवनेश्वर के मास्टर कैंटीन चौक पर राहुल की हिंदू विरोधी टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी के विवादित बयान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर उनके पोस्टर पर गोबर फेंका। इसका विरोध करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उनसे तीखी नोक-झोंक हुई। जल्द ही उनकी बहस ने उस समय भयानक रूप ले लिया, जब दोनों पक्षों ने पुलिस की मौजूदगी में एक-दूसरे पर पत्थर और गोबर फेंकना शुरू कर दिया।

## दुकान से 7 लाख के आभूषण की चोरी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राउरकेला में बीती रात में राजगंगापुर शहर में भोलाराम ज्वेलर्स नाम की ज्वेलरी शॉप में चोरी हो गयी। चोर एस्बेस्टस तोड़ कर दुकान में घुसे और 10 किलो से ज्यादा चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। इनकी कीमत 7 लाख रुपये से ज्यादा बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार दुकान मालिक देर शाम में दुकान बंद करके घर चला गया था। देर रात को लुटेरे दुकान में घुसे और एस्बेस्टस तोड़ कर सात लाख के चांदी के जेवरात लूट कर ले गये।

## लक्ष्मी बस का रंग हरा से नारंगी हुआ, नाम बदल कर हुआ मुख्यमंत्री बस सेवा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। लक्ष्मी बस का रंग हरे से बदल कर नारंगी हो गया है। मंगलवार को आयी रिपोर्ट के अनुसार नाम और रंग दोनों बदल दिये गये हैं। लक्ष्मी बस का नाम बदलकर मुख्यमंत्री बस सेवा कर दिया गया है। ढेंकनाल बस स्टैंड परिसर में खड़ी बसों का रंग हरा से बदल कर नारंगी कर दिया गया है। इतना ही नहीं, बसों से शंख चिह्न भी हटा दिया गया है। पहले चरण में आठ प्रखंडों के लिए आठ बसों का रंग नारंगी किया गया है। यह निर्णय लिया गया है कि विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के अवसर पर जिले के आठ प्रखंडों से परिवहन जारी रहेगा। परिवहन मंत्री बिभूति भूषण जेना ने बताया कि बस सेवा जारी रहेगी। मंत्री ने साफ किया कि बस को अब से मुख्यमंत्री बस सेवा के नाम से जाना जायेगा। बता दें कि बीजेडी सरकार लोकेशन एक्सेसिबल मल्टी-मॉडल इनिशिएटिव बस सेवा द्वारा शुरू की गयी थी। इसका उद्देश्य राज्य के पिछड़े इलाकों को जोड़ना था और इसकी शुरुआत मलकानगिरी से की गयी थी।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE I CSE (AI) I CE I EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE I EEE I CE ME I EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm I D.Pharm I BCA MCA I BBA I MBA I B.Lib.I.Sc I M.Lib.M.Sc I ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. I B.H.M.S I B.Sc. Nursing I GNM I ANM I B.Sc. (Medical) I B.Sc. MLT
B.Ed. I D.EL.Ed I M.D. I M.D.S. I M.Sc. (Medical) I PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

# भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के चित्रवाले अधिकतम बीजों के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में रेखा नायक ने नाम दर्ज कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की पंद्रह वर्षीय स्कूली छात्रा रेखा नायक ने भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की छवि वाले अधिकतम प्रकार के बीज उगा कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अनुसार, राउरकेला निवासी स्मृति रेखा नायक नामक लड़की ने 27 मई, 2024 को 21 प्रकार के बीजों पर पवित्र त्रिदेवों की छवि चित्रित करके रिकॉर्ड बनाया है। स्मृति रेखा को जारी इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में लिखा है कि भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की छवि वाले अधिकतम प्रकार के बीजों को चित्रित करने का रिकॉर्ड सुंदरगढ़, ओडिशा की स्मृति रेखा नायक (जन्म 7 मई, 2009) ने बनाया है। उन्होंने 21 प्रकार के बीजों पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की छवियां चित्रित कीं, जिनमें तरबूज, कद्दू और करेले के बीज शामिल हैं, जिसकी पुष्टि 27 मई, 2024 को हुई। राउरकेला में चिन्मय विद्यालय इंग्लिश मीडियम की कक्षा दस की छात्रा स्मृति रेखा ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं कि मैंने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। मैं यह केवल अपने माता-पिता की वजह से कर पाई, जो मेरे सबसे बड़े समर्थक हैं। मैंने बीजों पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की तस्वीरें बनाने का फैसला किया क्योंकि बीज हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। मैंने बीजों को भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रूप में माना जो हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं भगवान जगन्नाथ की बहुत बड़ी भक्त हूँ। इसलिए, जब मैंने अपना काम शुरू किया तो मेरे दिमाग में भगवान जगन्नाथ के नाम के अलावा कुछ नहीं आया। उनका नाम ही सबसे पहले मेरे दिमाग में आया। इसलिए मैंने भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की तस्वीरें बनायी।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक** : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक** : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**